page 1_Layout 1 07-10-2026 21:54 Page 1

अनमोल वचन

'जो दूसरों के हित में काम करता है, वही सच्चा भक्त है।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » वीरवार, 8 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :166 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



5 साल के विराज ने 47 किलो भार उठाकर किया शानदार प्रदर्शन

उदयपुर। महज 17.5 किलो वजन वाले 5 साल 11 माह के विराज शर्मा ने 47 किलो भार उठाकर शानदार उपलब्धि हासिल की। उसका नाम INFLUENCERS BOOK OF WORLD RECORDS में दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। विराज इससे पहले 35 और 42 किलो भार भी उठा चुका है।

भारत में महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीज़ल?

डेली आवाज भारती



डीज़ल के दाम अमेरिका में अब तक की सबसे ऊंची कीमत पर पहुंच गए. ट्रंप ने एक्सपोर्ट बैन की धमकी दी, यूरोप पर दबाव बनाया, और फिर अचानक सात देशों के एक ताकतवर समूह ने करोड़ों बैरल तेल बाजार में उतारने का ऐलान कर दिया. इसके ठीक बाद ट्रंप अपनी ही बात से पलट गए। अमेरिका में डीज़ल के दाम रिकॉर्ड तोड़ ऊंचाई पर पहुंच गए थे. करीब 6.5 डॉलर प्रति गैलन, यानी एक गैलन डीज़ल के लिए साढ़े छह डॉलर चुकाने होंगे. एक गैलन माने, लगभग साढ़े तीन लीटर. ऊपर से नवंबर में अमेरिका में चुनाव हैं, तो राष्ट्रपति ट्रंप पर दबाव बढ़ता जा रहा था. ट्रंप ने एक बड़ा दांव खेला, उन्होंने धमकी दी कि अमेरिका डीज़ल का एक्सपोर्ट बंद कर सकता है, और यूरोप पर दबाव डाला कि वो अपने इमरजेंसी डीज़ल भंडार खोल दे. इसके बाद अचानक दुनिया के सात बड़े देशों के समूह, ज7, ने एलान किया कि वो मार्केट में 10 करोड़ बैरल तेल और पेट्रोलियम उतारेंगे. और इसके फौरन बाद ट्रंप पलट गए, बोले कि एक्सपोर्ट बैन की बात कभी थी ही नहीं. जबकि कुछ दिन पहले वो खुद इसी बैन की बात कर रहे थे। G7 मतलब अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली और जापान, दुनिया के सात सबसे अमीर देशों का एक समूह, जिसमें यूरोपीय संघ भी साथ बैठता है. ये देश मिलकर दुनिया के बड़े आर्थिक और ऊर्जा मुद्दों पर फैसले लेते हैं. पिछले हफ्ते इन्होंने तय किया कि International Energy Agency के जरिए अगले चार महीनों में 10 करोड़ बैरल क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट बाजार में छोड़ेंगे, और शुरुआती 20 दिनों में ही डीज़ल की एक बड़ी खेप उतार दी जाएगी. International Energy Agency असल में दुनिया के देशों का एक ऐसा संगठन है जो तेल संकट के वक्त अपना इमरजेंसी स्टॉक खोलकर सप्लाई और कीमतें संभालता है। रॉयटर्स की` बर के मुताबिक, 2 ऑक्टोबर, शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की अगुवाई में ज7 देशों की एक वीडियो कॉल हुई, और उसके बाद ये साझा बयान आया. हालांकि ये साफ नहीं है कि कौन सा देश कितना स्टॉक छोड़ेगा. बयान में ये भी कहा गया कि जरूरत पड़ी तो और डीज़ल भी छोड़ा जाएगा, कोई देश एक-दूसरे पर एनर्जी एक्सपोर्ट बैन नहीं लगाएगा, बाकी दुनिया से भी यही अपील की जाएगी, और रिफाइनरियों का इस्तेमाल बढ़ाकर डीज़ल का प्रोडक्शन बढ़ाया जाएगा. पर एक्सपर्ट कहते हैं कि ये इमरजेंसी स्टॉक छोड़ना सिर्फ एक अस्थाई राहत है, कोई पक्का समाधान नहीं. राहत कब तक टिकेगी, ये इस बात पर निर्भर करेगा कि वेस्ट एशिया और रूस से डीज़ल की सप्लाई सुधरती है या नहीं। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से तेल की आवाजाही रुक गई, और रूस के ऑयल और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए. यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप पहले ही रूसी तेल से दूरी बना चुका था और अमेरिकी डीज़ल पर निर्भर हो गया था. अब वेस्ट एशिया में भी जंग छिड़ने से सप्लाई और बिगड़ गई, और यूरोप की निर्भरता अमेरिका पर और बढ़ गई. इसलिए जब ज7 ने इमरजेंसी स्टॉक बाजार में उतारने का फैसला किया, तो इससे एक तरफ सप्लाई बढ़ी, और दूसरी तरफ अमेरिकी एक्सपोर्ट बैन का खतरा भी टल गया। अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े डीज़ल एक्सपोर्टर में गिना जाता है. वेस्ट एशिया और रूस में जंग के चलते वहां से डीज़ल कम निकल रहा था, तो पिछले छह-सात महीनों में अमेरिका का डीज़ल एक्सपोर्ट तेजी से बढ़ा. अगस्त में ये रिकॉर्ड 16 लाख बैरल रोजाना तक पहुंच गया, जबकि फरवरी में, यानी वेस्ट एशिया जंग शुरू होने से पहले, ये सिर्फ 10 लाख बैरल रोजाना था. डीज़ल सिर्फ गाड़ियों में नहीं, ट्रकों, खेती की मशीनों, निर्माण और भारी उद्योगों में भी इस्तेमाल होता है।

दिल्ली के सीमापुरी में 4 मंजिला इमारत गिरी, दो लोगों की मौत

कई लोगों के मलबे में दबने की आशंका



डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। बुधवार को उत्तरी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में एक बहुमंजिला इमारत का एक हिस्सा गिर गया, दो की मौत कई लोगों के मलबे के नीचे दबने की आशंका है। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने घटनास्थल पर दो दमकल वाहन भेजे हैं। दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सीमापुरी में एक बहुमंजिला इमारत गिर गई है और बचाव दल घटनास्थल पर काम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि सीमापुरी गोल चक्कर, डीएलएफ भोपुरा और आसपास की सड़कों पर यातायात प्रभावित है। पुलिस ने आगे कहा कि हर खाली लेन से एम्बुलेंस और बचाव वाहन को तेजी से आगे बढ़ने का रास्ता मिलता है। कृपया संभव हो तो इस क्षेत्र से बचें। घटनास्थल के पास न रुकें, न ही वाहन पार्क करें और न ही इकट्ठा हों, और यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। यह घटना राष्ट्रीय राजधानी के सत्य निकेतन इलाके में एक महीने पहले एक बहुमंजिला इमारत के गिरने के बाद हुई है, जिसमें एक पेइंग गेस्ट आवास था और जिसमें पांच छात्रों सहित सात लोगों की जान चली गई थी। इस त्रासदी के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने देश भर के अधिकारियों को अनधिकृत निर्माणों पर अपने पहले के निर्देशों का अनुपालन करने के लिए उठाए गए कदमों पर हलफनामे दाखिल करने का निर्देश दिया था।

भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, मेटल और रियल्टी में रहा दबाव



मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 429.11 अंक या 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,638.70 और निफ्टी 173.05 अंक या 0.76 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,603.05 पर था। बाजार पर दबाव बनाने का काम मेटल और रियल्टी स्टॉक्स ने किया। सूचकांकों में निफ्टी मेटल -2.33 प्रतिशत और निफ्टी रियल्टी -1.77 प्रतिशत की कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुए। निफ्टी ऑटो - 1.58 प्रतिशत, निफ्टी कमोडिटीज - 1.43 प्रतिशत, निफ्टी इंडिया डिफेंस - 1.41 प्रतिशत, निफ्टी आईटी -1.34 और निफ्टी पीएसई -1.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

फ्रांस के कगन और जापान के केन्सो को केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार



नई दिल्ली। 2026 के केमिस्ट्री नोबेल पुरस्कार का ऐलान कर दिया गया है। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने फ्रांस के हेनरी बी. कगन और जापान के केन्सो सोआई को 'असिमेट्रिक ऑर्गेनिक सिंथेसिस इन नॉन-लीनियर इफेक्ट्स और ऑटो-कैटालिसिस की खोज' के लिए पुरस्कार दिया। उन्होंने रसायन विज्ञान में 'मिरर इमेज' (दर्पण-प्रतिबिंब) चुनने की प्रक्रिया पर काम किया। दोनों वैज्ञानिकों ने रसायन विज्ञान की करीब 100 साल पुरानी गुत्थी सुलझाई है। उन्होंने बताया कि किसी रासायनिक प्रक्रिया में एक-दूसरे की मिरर इमेज जैसे दो अणुओं में से सिर्फ एक ही रूप कैसे बनाया जा सकता है। यह खोज दवाओं समेत कई तरह के रसायन बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है।

भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट से अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा : जयशंकर



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय ट्रेड एग्रीमेंट बड़ी संभावनाओं वाला एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया के सबसे बड़े और सबसे फायदेमंद बाजारों में से एक में बाजार तक पहुंच बढ़ाकर देश की अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिल सकता है। जयशंकर यहां 'इंडिया एंड द वर्ल्ड- अडैप्टिव बाय डिजाइन' थीम पर आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव में बोल रहे थे।

Gen-Z ने लगाई मोहर सुखबीर बाई फॉर 2027

- पंजाब में औद्योगिकीकरण, आईटी, हाईटेक कृषि और फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने की जरूरत
- पिज्जा की जगह छोले-भटूरे, कॉफी की जगह नमकीन लस्सी, समुद्र तटों की जगह पहाड़ और सभी खेलों में कबड्डी को चुना

कहा, वह युवाओं के जीवन में खुशियां और तरक्की वापस लाएंगे



डेली आवाज भारती

चंडीगढ़/सुकून महाजः 'वाइब पंजाब दी' कार्यक्रम में शिरोमणि अकाली दल (SAD) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के साथ Gen-Z की बातचीत के दौरान युवाओं ने सुखबीर बाई फॉर 2027 के नारे को समर्थन दिया। वहीं SAD अध्यक्ष ने युवाओं से पंजाब को बदलने और नई दिशा देने के लिए उन्हें एक मौका देने की अपील की। गुरु नानक कॉलेज में युवाओं को संबोधित करते हुए सुखबीर बादल ने कहा कि वह युवाओं के जीवन में खुशियां और तरक्की वापस लाएंगे। उन्होंने कहा, मैं आपको SAD और अपने ऊपर गर्व महसूस करवाऊंगा। कार्यक्रम का माहौल युवाओं से सीधा जुड़ने वाला रहा। सुखबीर बादल ने युवाओं के कई तरह के सवालों के जवाब दिए। इनमें चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्ट में बिताए उनके दिनों से लेकर कांस्य और फाइबरग्लास की मूर्तियां बनाने, पशुओं के प्रति उनके लगाव और हर सुबह करीब दो घंटे उनके साथ बिताने तक के सवाल शामिल थे। उन्होंने गांव के जीवन और पिज्जा की बजाय छोले-भटूरे को अपनी पसंद बताया। सुखबीर बादल ने युवाओं के सवालों के जवाब देते हुए सतिंदर सरताज और दिलजीत दोसांझ की बजाय एपी ढिल्लों कॉफी की जगह नमकीन लस्सी और समुद्र तटों की जगह पहाड़ों को पसंद बताया। उन्होंने यह भी बताया कि वह अपने स्कूल की भांगड़ा टीम के कप्तान रह चुके हैं। खेलों में उन्होंने सभी अन्य खेलों के मुकाबले कबड्डी को चुना और कहा कि पंथ सरकार बनने पर अगला कबड्डी विश्व कप आयोजित किया जाएगा, जिसमें 10 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार रखा जाएगा। SAD अध्यक्ष ने पंजाब के लिए अपने एक्शन प्लान की भी जानकारी दी। उन्होंने स्वीकार किया कि अपने पिता स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल की प्रतिबद्धता के स्तर की बराबरी करना उनके लिए कठिन है। उन्होंने कहा, 'आज के नेता राजनीति को गंभीरता से नहीं लेते। मुझे लगता है कि मेरी तुलना मेरे पिता से की जाएगी और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता रहूंगा। एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब में औद्योगिकीकरण की तत्काल जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने के साथ-साथ कृषि को हाई-वैल्यू बनाना और फूड प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित करना जरूरी है। उन्होंने छात्र साहिब सिंह को बताया कि वह अपने फार्म पर हाइड्रोपोनिक्स तकनीक के जरिए उगाई जा रही स्ट्रॉबेरी और ब्लूबेरी के बारे में जानकारी साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह तकनीक महंगी है, लेकिन वह किसानों को तकनीक आधारित कृषि के लिए 75 प्रतिशत सब्सिडी देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुखबीर बादल ने शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की जरूरत पर भी जोर दिया।

पंजाब में डबल मर्डर से फैली दहशत! तेजधार हथियार से युवकों की हत्या

चोहला साहिब के पास युवकों के शव मिलने से मचा हड़कंप

डेली आवाज भारती



तरनतारन। पंजाब के तरनतारन में बुधवार सुबह डबल मर्डर की सनसनीखेज घटना सामने आई है। चोहला साहिब के पास दो युवकों के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। दोनों युवकों पर तेजधार हथियारों से हमला किए जाने की बात सामने आई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतकों की पहचान पाखोपुर निवासी परमिंदर सिंह और खारा गांव निवासी बिल्ला के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 27 से 30 साल के बीच बताई जा रही है। स्थानीय लोगों से घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को कब्जे में लिया। इसके बाद उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक, दोनों युवकों की हत्या चोहला साहिब के पास नहीं, बल्कि किसी अन्य स्थान पर किए जाने की आशंका है। पुलिस को शक है कि हत्या के बाद आरोपियों ने दोनों के शवों को चोहला साहिब इलाके में लाकर फेंका और मौके से फरार हो गए। दोनों युवकों के शरीर पर तेजधार हथियार से हमला किए जाने के निशान मिले हैं।

हत्या की वजह और तलाश में जुटी पुलिस

हालांकि हत्या की सही वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाकों में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस मृतकों के आपराधिक रिकॉर्ड, आपसी विवाद और उनके संपर्क में रहे लोगों के बारे में भी जांच कर सकती है, ताकि हत्या की वजह और आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

5 करोड़ लेकर प्रेमानंद महाराज के दर्शन पर विराट कोहली का जवाब,

कहा-आश्रम जाना सिर्फ श्रद्धा की वजह

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। क्रिकेटर विराट कोहली ने संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम जाने के लिए 5 करोड़ रुपए लेने के आरोपों को खारिज कर दिया है। कोहली के प्रवक्ता ने बुधवार को बयान जारी कर इन आरोपों को झूठा, निराधार और तथ्यहीन बताया। विराट कोहली संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए श्रद्धा और सम्मान के कारण आश्रम जाते हैं। दरअसल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष फलाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने दावा किया था कि विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को 5 करोड़ दिए गए थे। फलाहारी महाराज ने संत प्रेमानंद को लिखी चिट्ठी में टीम को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए और जांच की मांग की थी।

- 5 करोड़ लेने के आरोपों को खारिज कर दिया गया
- आरोपों को झूठा, निराधार और तथ्यहीन बताया
- संत प्रेमानंद के दर्शन के लिए पूरी श्रद्धा और सम्मान



आखिरी बार मुलाकात 22 जुलाई को हुई

इन आरोपों के जवाब में कोहली के प्रवक्ता ने मीडिया से अपील की कि किसी भी दावे को तथ्यों की जांच के बाद ही प्रसारित किया जाए। बता दें कि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा इससे पहले भी कई बार संत प्रेमानंद से मुलाकात कर चुके हैं। उनकी आखिरी मुलाकात 22 जुलाई को हुई थी।

SIR पर बढ़ा विवाद

राहुल गांधी की हिरासत के बाद आरोप-प्रत्यारोप तेज

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के बाद SIR और चुनाव आयोग को लेकर विवाद और बढ़ गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि विपक्षी सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को चुनाव आयोग से मिलने की अनुमति नहीं दी गई। वहीं, चुनाव आयोग ने इन आरोपों के जवाब में कहा कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत पहले बैठक के लिए कोई औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया था। आयोग के मुताबिक, बाद में आया अनुरोध भी उसके तय प्रोटोकॉल के अनुरूप नहीं था। हालांकि, आयोग ने ज्ञापन लेने के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजने का विकल्प दिया था। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का कहना है कि वे चुनाव आयोग से सीधे मिलकर SIR यानी SPECIAL INTENSIVE REVISION और मतदाता सूची से जुड़े सवाल उठाना चाहते थे। राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया कि जब विपक्षी सांसद चुनाव आयोग से मिलने आए हैं तो उनसे मुलाकात क्यों नहीं की जा रही। वहीं, चुनाव आयोग के अनुसार शाम 4 बजे तक किसी राजनीतिक दल की ओर से आयोग के साथ बैठक के लिए कोई औपचारिक अनुरोध नहीं किया गया था। आयोग ने बताया कि करीब 4 बजे दिल्ली पुलिस से उसे जानकारी मिली कि राहुल गांधी के नेतृत्व में करीब 240 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल आयोग से मिलना चाहता है। इसके बाद आयोग की ओर से ज्ञापन लेने के लिए वरिष्ठ अधिकारी को भेजने का विकल्प दिया गया। विपक्ष, खासकर कांग्रेस और राहुल गांधी, SIR की प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल उठा रहे हैं।

चंडीगढ़ में 2 करोड़ की हेरोइन सहित 4 अरेस्ट

- एक आरोपी का पिता सब-इंस्पेक्टर
- 3 साल से तस्करी कर रहा गुरलाल

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पुलिस के ऑपरेशन सेल ने अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार तत्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से (करीब 2 करो की कीमत) 1 किलो 11 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), एक पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गुरलाल सिंह उर्फ लाल पिछले करीब 8 साल से ड्रग तस्करी कर रहा था और करीब 3 साल से चंडीगढ़ में हेरोइन सप्लाई कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, वह हर महीने करीब 5 से 6 किलो हेरोइन चंडीगढ़ में सप्लाई करता था। आरोपी अर्शदीप सिंह का पिता पंजाब पुलिस में सब-इंस्पेक्टर हैं। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि अर्शदीप किस तरह इस नेटवर्क के संपर्क में आया और उसकी भूमिका कितनी थी। गुरसाब उर्फ साबा मुख्य आरोपी हरदीप सिंह उर्फ दीप का राइट हैंड था। वह उसके साथ मिलकर ड्रग के साथ हथियारों की सप्लाई भी करता था। गुरसाब के कब्जे से 57 ग्राम हेरोइन के अलावा एक देसी पिस्टल और 5 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया है कि गुरलाल मलोया और सेक्टर-56 में हेरोइन की सप्लाई करता था। उसके खिलाफ पंजाब में अलग-अलग जगहों पर NDPS और आर्म्स एक्ट के कई केस दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, इस पूरे नेटवर्क का कथित मुख्य हैंडलर हरदीप सिंह उर्फ दीप है, जो फिलहाल फरार है। इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह सेखों को इस नेटवर्क के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। पुलिस ने गुरलाल को हरियाणा के करनाल से, गुरसाब उर्फ साबा और अर्शदीप को मोगा के धर्मकोट के पास और जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी को मलोया से गिरफ्तार किया। यह पूरी कार्रवाई चंडीगढ़ पुलिस के डीआईजी राजीव रंजन के सुपरविजन और इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह सेखों की अगुवाई में की गई। जांच में सामने आया है कि आरोपी पाकिस्तान से लगते पंजाब बॉर्डर के रास्ते हेरोइन मंगवाकर आगे सप्लाई कर रहे थे।

जानिए किस आरोपी से क्या मिला

पुलिस के मुताबिक, बरनाला निवासी 30 वर्षीय जसप्रीत सिंह उर्फ जस्सी से 284 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वह टैक्सी ड्राइवर है। उसका पहले कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। करनाल के निसिंग निवासी 36 वर्षीय गुरलाल सिंह उर्फ लाल से सबसे ज्यादा 514 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसके खिलाफ पहले से कई हथियार और आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं।

CMYK

page 2_Layout 1 07-10-2026 17:20 Page 1

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का स्वर्णिम और युगांतकारी अध्याय : अमित शाह

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को साइबर नगरी गुरुग्राम में 'विकसित भारत संकल्प ज्योति यात्रा' का शुभारंभ किया। गृह मंत्री अमित शाह ने यात्रा की मशाल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपते हुए प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने और विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर गुरुग्राम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों और हजारों युवाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को लाइव सुना। प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशवासियों को संबोधित करते हुए सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जनभागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य डॉ सुधा यादव, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, पटौदी की विधायक बिमला चौधरी, गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अमित शाह ने राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन 25 वर्ष पूर्ण होने का यह अवसर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में स्वर्णिम और युगांतकारी अध्याय है। उन्होंने कहा कि इन 25 वर्षों में नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर देश और करोड़ों नागरिकों की सेवा की है। अमित शाह ने कहा कि 7 अक्तूबर का दिन भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में विशेष महत्व रखता है। एक गरीब परिवार में जन्मे व्यक्ति ने अपनी क्षमता, प्रतिभा और करोड़ों लोगों को साथ लेकर 25 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने का रिकॉर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के ये 25 वर्ष इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 25 वर्षों में देश ने अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, सुरक्षित भारत, अनुच्छेद 370 को हटाने, नक्सलवाद समाप्त करना, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और काशी विश्वनाथ धाम के निर्माण तथा देश के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण की दिशा में किए गए प्रयासों से 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष गरीब कल्याण, भारत के गौरव और राष्ट्र की प्रगति के 25 वर्ष रहे हैं। इन 25 वर्षों की सेवा और उपलब्धियों को यादगार बनाने के लिए 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया है। देश के विकास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा-समर्पण के 25 वर्षों को जनभागीदारी के माध्यम से स्मरण करना इस यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

वार्ड नंबर 9 में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत सफाई अभियान का आयोजन

डेली आवाज भारती



'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के हिस्से के तौर पर, वार्ड नंबर 9 में एक खास सफाई अभियान चलाया गया। इसका मकसद निवासियों के बीच सफाई, स्वच्छता, जन-भागीदारी और कचरे के सही प्रबंधन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था। यह सफाई अभियान %स्वच्छ भारत मिशन% की टीम की सक्रिय भागीदारी से चलाया गया। टीम ने ज़रिकपुर में कई जगहों पर सफाई का काम किया और स्थानीय निवासियों से बातचीत की। इसमें शामिल लोगों ने सार्वजनिक जगहों को साफ रखने, इधर-उधर कचरा न फेंकने और कचरे को सही तरीके से अलग-अलग करके उसका निपटान करने के महत्व पर ज़ोर दिया। वार्ड पार्षद श्री संजीव बंसल ने सफाई और स्वच्छ भारत मिशन टीमों की कोशिशों की सराहना की और निवासियों से अपील की कि वे अपने आस-पास सफाई बनाए रखने में सक्रिय रूप से भाग लें। स्वच्छ भारत मिशन के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर स. सुखविंदर सिंह देओल ने निवासियों को साफ-सफाई और स्वच्छता की आदतें अपनाने और ज़रिकपुर को एक साफ और स्वस्थ शहर बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में सुखविंदर सिंह देओल, सैनिटरी इंस्पेक्टर श्री मनोज कुमार, स्वच्छ भारत मिशन टीम के सदस्य और ब्रांड एंबेसडर सुश्री शिवानी मौजूद थीं। नगर परिषद ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे सफाई कर्मचारियों का सहयोग करें, कचरा अधिकृत कलेक्शन टीमों को सौंपें, कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग रखें और सार्वजनिक जगहों पर कचरा न फेंकें। इस सफाई अभियान ने स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को हासिल करने और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी के ज़रिए एक साफ, स्वस्थ और टिकाऊ ज़रिकपुर बनाने के प्रति नगर परिषद ज़रिकपुर की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।

जालंधर में श्री हिन्दू तख्त द्वारा कथा का आयोजन



डेली आवाज भारती

जालंधर/बलजीत सिंह : श्री हिन्दू तख़ूत की ओर से धार्मिक कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 4 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी। कथा का आयोजन गुरु रामदास नगर स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में किया जा रहा है। मंदिर बल हॉस्पिटल के नजदीक स्थित है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक कथा और आध्यात्मिक विचारों का श्रवण करने का अवसर मिलेगा। श्री हिन्दू तख़ूत के मुखी ब्राह्मानंद गिरी जी महाराज के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों की ओर से अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा में पहुंचकर धार्मिक आयोजन का लाभ लेने की अपील की गई है। इस आयोजन के मुख्य आयोजक श्री हिन्दू तख़ूत के राष्ट्रीय महामंत्री कुणाल अग्रवाल हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, धार्मिक संस्कार और आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर पहुंचने और कथा में शामिल होकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

पराली प्रबंधन बरनाला सब-डिविजन को 'ज़ीरो बर्निंग (पराली न जलाने वाला क्षेत्र) बनाने का लक्ष्यः अजीतपाल सिंह

बरनाला/गोपालः धान की पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और पराली का सही प्रबंधन सुनिश्चित करने के मकसद से, बरनाला के स्सरूश्री अजीतपाल सिंह चहल ने %स्टबल प्रोटेक्शन फोर्स% (पराली सुरक्षा बल) के क्लस्टर, असिस्टेंट और नोडल अधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक के दौरान, सभी अधिकारियों को ज़मीनी स्तर पर सतर्क रहने और खेतों में आग लगने से पहले ही उसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्टबल प्रोटेक्शन फोर्स के सदस्यों को सब-डिविजन के गांवों में लगातार गश्त और निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसानों से सीधा संपर्क करेंगे ताकि उन्हें पराली जलाने से पर्यावरण और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता पर पड़ने वाले बुरे असर के बारे में बताया जा सके और उन्हें सुपर सीडर, हैप्पी सीडर और बेलर जैसी आधुनिक कृषि मशीनों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।

पत्रकारों की मांगों को लेकर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को सौंपा मांग-पत्र

डेली आवाज भारती



लालडू/तरणप्रीत गिलः पंजाब और चंडीगढ़ जर्नलिस्ट्स यूनियन की ओर से पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की विभिन्न जायज मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पंजाब के नाम लिखे मांग-पत्र की एक प्रति हलका डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को लालडू में सौंपी गई। पत्रकारों ने मांग की कि उनकी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार कर समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए।

इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सरबजीत सिंह भट्टी, राजबीर सिंह राणा, रणबीर सिंह लालडू सहित अन्य पत्रकार भी मौजूद रहे। पत्रकारों ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकार सरकार, प्रशासन और समाज को जनता के मुद्दों के प्रति जवाबदेह बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए पत्रकारों और मीडिया कर्मियों की सामाजिक, आर्थिक और पेशेवर सुरक्षा तथा कल्याण से जुड़ी मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। मांग-पत्र में सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों और डेस्क स्टाफ के लिए पेंशन सुविधा शुरू करने तथा मौजूदा पेंशन व्यवस्था की शर्तों में आवश्यक छूट देकर अधिक से अधिक पत्रकारों को इसके दायरे में लाने की मांग की गई है। इसके अलावा मान्यता प्राप्त पत्रकारों और डेस्क स्टाफ को पंजाब रोडवेज, पनबस तथा पीआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा देने और कोरोना के दौरान बंद की गई रेलवे यात्रा सुविधा को बहाल करवाने की मांग भी रखी गई है। पत्रकारों के लिए विशेष कल्याण फंड स्थापित करने की मांग भी की गई है, ताकि गंभीर बीमारी, हादसे, प्राकृतिक आपदा अथवा आर्थिक संकट की स्थिति में जरूरतमंद पत्रकारों और उनके परिवारों को वित्तीय सहायता मिल सके। साथ ही चंडीगढ़ में पत्रकारों के लिए सरकारी आवास का कोटा बढ़ाकर कम से कम 50 मकान/फ्लैट करने तथा पंजाब के सभी जिलों में पत्रकारों के लिए अलग सरकारी आवास कोटा रखने की मांग की गई है। मांग-पत्र में डेस्क स्टाफ को फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों के समान सरकारी सुविधाएं देने और पत्रकारों व उनके परिवारों के लिए कम से कम 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल है। इसके साथ ही पत्रकारों के खिलाफ शिकायतों और मामलों की जांच के लिए स्पष्ट एवं पारदर्शी नीति बनाने की मांग की गई है। इसके अलावा सरकारी विज्ञापन नीति को पारदर्शी बनाने, लंबित पीले कार्ड जारी करने, एक्रीडिटेशन कमेटी का स्थायी गठन करने, ड्यूटी के दौरान पत्रकार की मृत्यु या गंभीर हादसे की स्थिति में एक्स-ग्रेशिया ग्रांट देने तथा पत्रकारों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध करवाने की मांग की गई है। पत्रकारों ने पंजाब सरकार और पत्रकार संगठनों के बीच नियमित संवाद की व्यवस्था कायम करने तथा मांगों के समाधान के लिए उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने की मांग भी की है।

अब तक जिले की मंडियों में पहुँचा 885 मीट्रिक टन धानः डिप्टी कमिश्नर

बरनाला, (नवीन सिंगला काली)



डिप्टी कमिश्नर हरप्रीत सिंह (ढुर) ने बताया कि ज़िले की मंडियों में धान की आवक शुरू हो गई है। उन्होंने जानकारी दी कि कल शाम तक ज़िले की अलग-अलग मंडियों में कुल 885 मीट्रिक टन धान पहुँचा; इसमें से अब तक 707 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है और इसके लिए □ 1.64 करोड़ का भुगतान भी किया जा चुका है। उन्होंने खरीद का ब्यौरा देते हुए बताया कि पंग्रेन (Pungrain) ने 340 मीट्रिक टन, मार्कफेड (Markfed) ने 208 मीट्रिक टन, पनसुप (Punsup) ने 100 मीट्रिक टन और पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन ने 59 मीट्रिक टन धान खरीदा है। उन्होंने यह भी बताया कि खरीदे गए धान को उठाने का काम भी साथ-साथ चल रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में केवल सूखा धान ही लाएँ ताकि उनकी फसल बिना किसी देरी के खरीदी जा सके।

पंजाब ष्टरूके कैंप ऑफिस पर सीबीआई का 6 घंटे तक छापा चंडीगढ़ समेत 8 ठिकानों पर तलाशी, लैपटॉप-दस्तावेज जब्त

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब की सियासत में मंगलवार को उस वक्त बड़ा भूचाल आ गया, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) की टीम ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस में छापा मारा। मंगलवार शाम 5 बजे शुरू हुई यह कार्रवाई देर रात 11 बजे तक चली। सीबीआई ने कैंप ऑफिस के अलावा चंडीगढ़, मोहाली, गुरदासपुर, लुधियाना, पटियाला, संगरूर और जालंधर में कुल 8 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। इस दौरान जांच एजेंसी ने कई लैपटॉप, मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए हैं। यह पूरी कार्रवाई पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के बाद अमल में लाई गई है, जिसमें सीएम कार्यालय से जुड़े कथित भ्रष्टाचार और ट्रांसफर-पोस्टिंग मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। क्या है पूरा मामला? प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने जीएमएडीए (GMADA) जमीन, सीएलयू (CLU) और रियल एस्टेट से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय में ट्रांसफर-पोस्टिंग, टेंडर और नीतिगत फैसलों में भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। ईडी का दावा है कि नितिन गोहल नामक व्यक्ति बिचौलिए के तौर पर काम कर रहा था, जो मुख्यमंत्री के ओएसडी (OSD) राजबीर सिंह घुम्मन के सीधे संपर्क में था। ईडी ने तलाशी के दौरान नितिन गोहल से 20.98 लाख रुपए नकद और डिजिटल चैट्स बरामद करने का दावा किया था। इन सबूतों के आधार पर ईडी ने जुलाई-अगस्त में पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को तीन बार पत्र लिखकर एफआईआर दर्ज करने को कहा था, लेकिन राज्य पुलिस द्वारा मामला दर्ज नहीं किया गया।

हाईकोर्ट का सख्त रुख और सीबीआई की एफआईआर

मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंचा, जहां अदालत ने माना कि ईडी द्वारा पेश तथ्य संज्ञेय अपराध की ओर इशारा करते हैं। इसके बाद 5 अक्टूबर को हाईकोर्ट ने सीएम के ओएसडी राजबीर सिंह घुम्मन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपते हुए दो महीने में स्टेटस रिपोर्ट तलब की। हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने घुम्मन समेत 6 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर यह छापेमारी की।

सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं

हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार ने 6 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (SLP) दायर की थी। मंगलवार को सरकार ने मामले पर तुरंत सुनवाई की मांग की, जिसे शीर्ष अदालत ने खारिज करते हुए नियमित प्रक्रिया के तहत एक-दो दिन में सुनवाई करने की बात कही है।

2047 का विकसित भारत सिर्फ सरकार का नहीं, हम सभी संकल्प : अनिल विज

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में कांग्रेस की स्कैम करने वाली सरकार को हटाकर भारतीय जनता पार्टी की सेवा करने वाली सरकार बनाई है, इसके लिए यह सारा देश मोदी जी का आभारी है। उन्होंने कहा 2047 का विकसित भारत सिर्फ सरकार का नहीं, हम सभी संकल्प है। उन्होंने कहा कि सेवा-संकल्प में दो शब्द हैं, एक सेवा है और एक संकल्प है कि हम किस क्षेत्र में कहां कौन सी सेवा कर सकते है उसका हर नागरिक संकल्प ले कि हम सेवा करेंगे। यह बात विज आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल जनसेवा में पूर्ण होने पर अम्बाला में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत अम्बाला शहर पुलिस लाइन में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री बतौर मुख्यतिथि पहुंचे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि वर्ष 2001 को भारत माता के लाल नरेंद्र मोदी जी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी और तब से आज तक सार्वजनिक जीवन में सेवा करते हुए 25 वर्ष पूर्ण हुए है। इसके उपलक्ष्य में देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा सेवा-संकल्प में दो शब्द हैं, एक सेवा है और एक संकल्प है कि हम किस क्षेत्र में कहां कौन सी सेवा कर सकते है उसका हर नागरिक संकल्प ले कि हम सेवा करेंगे।

कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने लहरागागा की अनाज मंडी में शुरू करवाई धान की खरीद

डेली आवाज भारती

किसानों से मंडियों में सूखा और साफ धान लाने की अपील



लहरागागा/मोहिंदर सिंह : पंजाब के कैबिनेट मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज लहरागागा की अनाज मंडी पहुंचकर धान की खरीद की शुरुआत करवाई। इस दौरान उन्होंने किसानों, आढ़तियों और शेलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से बातचीत कर खरीद सीजन के दौरान जरूरी सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी हासिल की।

श्री गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार किसानों की मेहनत से पैदा हुई फसल की सुचारू खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में किसी भी तरह की परेशानी न हो और उनकी फसल की समय पर खरीद, उठान और भुगतान सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए खरीद एजेंसियों, मंडी प्रबंधकों, आढ़तियों और ट्रांसपोर्टरों के बीच तालमेल बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि खरीदे गए धान का उठान साथ-साथ होना चाहिए, ताकि मंडियों में फसल के ढेर न लगें और अन्य किसानों को जगह की परेशानी न हो। श्री गोयल ने मंडी में सफाई, पीने के पानी, रोशनी और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर भी जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद से जुड़ी किसी भी समस्या का तुरंत समाधान किया जाए। किसानों से अपील करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि वे मंडियों में निर्धारित मापदंडों के अनुसार सूखा और साफ धान ही लेकर आएं।

उन्होंने कहा कि अधिक नमी वाली फसल लाने से खरीद में देरी हो सकती है, जबकि सूखा धान लाने से खरीद प्रक्रिया जल्दी पूरी होती है और किसानों का समय भी बचता है। उन्होंने आढ़तियों, शेलर मालिकों और किसानों से खरीद सीजन को सफल बनाने के लिए सहयोग देने की अपील की। श्री गोयल ने कहा कि किसानों, आढ़तियों, मजदूरों और खरीद प्रक्रिया से जुड़े अन्य वर्गों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा।

लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं की साख बचाना सभी की जिम्मेदारी : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की सदस्य कुमारी सैलजा ने नई दिल्ली में इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और अन्य विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। 6 अक्टूबर को विपक्षी नेता संसद क्षेत्र से चुनाव आयोग की ओर मार्च कर रहे थे और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। कई घंटे चले प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी सहित अनेक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया और बाद में रिहा कर दिया। कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकतंत्र में राजनीतिक दलों, सिविल सोसाइटी, मीडिया और संवैधानिक संस्थाओं सभी की अपनी-अपनी जिम्मेदारी है। शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर जनता का भरोसा सर्वोपरि है तथा कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर अपना लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रखेगी। सांसद ने कहा कि न्यायपालिका और मीडिया को भी अपनी स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता बनाए रखते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों तथा नागरिक अधिकारों की रक्षा में अपनी संवैधानिक और संस्थागत भूमिका निभानी चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि यह संघर्ष किसी एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास बनाए रखने का सवाल है। सरकार का विरोध और सत्ता परिवर्तन भी संविधान तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दायरे में ही होना चाहिए।

मंडियों में धान की खरीद-उठान में तेजी लाए सरकार : कुमारी सैलजा



कुमारी सैलजा ने धान उत्पादक किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मंडियों में आवक बढ़ने के साथ खरीद, उठान और भंडारण की व्यवस्था भी उसी गति से सुनिश्चित की जानी चाहिए। धान खुले में पड़ा रहने और मौसम में बदलाव की आशंका के बीच किसानों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। सरकार और खरीद एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि किसान को अपनी उपज बेचने के लिए अनावश्यक इंतजार न करना पड़े और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उसकी फसल की खरीद हो। सांसद ने कहा कि खरीदे गए धान का समयबद्ध उठान, पर्याप्त बारदाना और भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ किसानों का भुगतान भी समय पर किया जाए। मंडियों में किसानों, आढ़तियों और मजदूरों को पेश आने वाली व्यावहारिक समस्याओं का प्रशासन मौके पर समाधान करे। सैलजा ने कहा कि खरीद सीजन में व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए कि किसान को अपनी मेहनत की उपज लेकर मंडी में कई दिनों तक परेशान न होना पड़े।

CMYK

page 3_Layout 1 07-10-2026 17:47 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, संगरूर ⟫ वीरवार, 8 अक्तूबर 2026

चावला कांड की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधान धामी तुरंत इस्तीफा दें: भाई गुरप्रीत सिंह

डेली आवाज भारती

श्री आनंदपुर साहिब के गौरवशाली इतिहास को कलंकित करने वालों के खिलाफ बटाला में निकाला गया खालसा रोष मार्च



बटाला, (अमनदीप संधू) – शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए संगत के सामने अधूरा सच पेश कर रहे हैं। धर्म युद्ध मोर्चा बटाला के संयोजक भाई गुरप्रीत सिंह ने निकाले गए खालसा रोष मार्च के दौरान मांग की कि पूरे चावला कांड की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधान धामी को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। पत्रकारों से तल्ख लहजे में बात करना उनकी बौखलाहट को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती पर अत्यंत निम्न स्तर के कुकर्मों के संबंध में दर्ज हुई प्राथमिकी ने दुनिया भर में बसे सिखों के हृदय को आहत किया है। संगत के मन में व्याप्त रोष को प्रकट करने के लिए धर्म युद्ध मोर्चा बटाला की ओर से शहर में खालसा रोष मार्च निकाला गया। भाई गुरप्रीत सिंह ने संगत को जागरूक करते हुए कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रबंध में बड़ा पतन आने का कारण पिछले 15 वर्षों से चुनाव न होना है। इसी मांग को लेकर बटाला की धरती पर 27 सितंबर से धर्म युद्ध मोर्चा शुरू किया गया है, ताकि केंद्र सरकार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव करवाने की तुरंत घोषणा करे और पंजाब सरकार चुनाव करवाने का प्रबंध करे। बीते दिनों पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को दिए गए मांग पत्र के संबंध में सरकार की ओर से दिए गए भरोसे को उन्होंने सार्थक कदम बताया। क्षेत्र की संगत ने खालसा रोष मार्च का जगह-जगह पर जोरदार स्वागत किया और धर्म युद्ध मोर्चे के साथ मजबूती से खड़े रहने का ऐलान किया। इस मौके पर इंग्लैंड की सभी सिख जत्थेबंदियों, गुरुद्वारा साहिबानों और सिख स्कूलों की संयुक्त प्रतिनिधि संस्था, सर्वोच्च सिख परिषद यूके की ओर से भी धर्म युद्ध मोर्चे के साथ मजबूती से खड़े रहने का ऐलान किया गया। रोष मार्च के दौरान वाहनों में ईंधन भरने की सेवा बाबा बलदेव सिंह जत्थेदार अमृत संचार जत्था यूके-यूरोप की ओर से संगत के सहयोग से की गई। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा बाबा गुरदीप सिंह भुल्लर, भाई निशान सिंह जी सियालका सत्कार कमेटी, बाबा परमबीर सिंह प्रतापगढ़िए, बाबा मनजीत सिंह, भाई रविंदर सिंह, भाई नवरोप सिंह गुरदासपुर, भाई मनजीत सिंह, भाई महिंदर सिंह, भाई रणजीत सिंह, भाई शर्मजीत सिंह, बाबा सतनाम सिंह कालेका, महाकाल सलविंदर सिंह खालसा, भाई सहजवीर सिंह रंगीलपुर, भाई स्विंदर सिंह खालसा आदि उपस्थित थे।

अमृतसर पुलिस ने 15 अवैध पिस्तौल और 15 जिंदा कारतूसों के साथ 8 आरोपियों को किया गिरफ्तार : पुलिस कमिश्नर हरमन वीर सिंह गिल

विदेशी तस्करों और असामाजिक तत्वों से जुड़े थे आरोपियों के तार

■ **अब लूट नहीं सेवा होगी, सुधर गई है पूरी व्यवस्था, बिल्डिंग पर आया 8.55 करोड़ रुपये का खर्चा**

डेली आवाज भारती



अमृतसर पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसते हुए एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस कमिश्नर ने एक विशेष प्रेस वार्ता में इस सफलता की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के कब्जे से कुल 15 अवैध पिस्तौल, 15 जिंदा कारतूस और 2 कारें बरामद की गई हैं। पुलिस कमिश्नर के अनुसार, इस पूरे अभियान को चरणबद्ध तरीके से अंजाम दिया गया। शुरुआती कार्रवाई के दौरान पुलिस ने सतनाम सिंह उर्फ सुखा और भल्ला सिंह नाम के दो आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके पास से 5 पिस्तौल बरामद की थीं। जब इनसे कड़ाई से पूछताछ और गहन जांच (इंटरोगेशन) की गई, तो मिली जानकारी के आधार पर आगे की छापेमारी में गौतम सिंह उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया गया, जिससे 7 अन्य हथियार बरामद हुए। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने अभि उर्फ बाबा को भी गिरफ्तार किया, जिसके पास से 3 और पिस्तौल बरामद की गई। बरामद किए गए 15 पिस्तौलों में अधिकतर .30 बोर के हैं, जिनमें से एक विशेष रूप से स्ट्रॉम कंपनी का %ब्लॉक्ड5% मॉडल पिस्तौल भी शामिल है। यह पूरी बरामदगी इस्लामाबाद और छावनी (केंटोनमेंट) थाना क्षेत्रों में चलाए गए अभियानों के दौरान हुई है। जांच में यह बात सामने आई है कि पकड़े गए आरोपी विदेश में बैठे तस्करों और असामाजिक तत्वों के सीधे संपर्क में थे। ये आरोपी सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से उनके संपर्क में आए और लालच में आकर गैर-कानूनी हथियारों की खेप मंगवाते थे। इसके बाद इन हथियारों को वारदातें अंजाम देने वाले अपराधियों को सप्लाई किया जाता था। गिरफ्तार किए गए 8 आरोपियों में से 4 आरोपियों का पहले से ही आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज है और उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामले चल रहे हैं। गिरफ्तार आरोपियों में एक 17 वर्षीय नाबालिग (जूवेनाइल) भी शामिल है, जिसका फिलहाल कोई पिछला रिकॉर्ड नहीं मिला है। पुलिस पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपियों में से कुछ लोग दिहाड़ी-मजदूरी और लेबर का काम करते थे, जबकि कुछ बेरोजगार थे।

CAQM के प्रतिनिधि शाहिद खान ने पराली प्रबंधन के लिए भद्दलवाड गाँव का विशेष दौरा किया

■ **इलाके में फसल पराली प्रबंधन और हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए उठाए गए कदमों का जायजा लिया**

डेली आवाज भारती



महल कलां/बरनाला, (गोपाल) : एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन (CAQM) के प्रतिनिधि शाहिद खान ने आज महल कलां ब्लॉक के भद्दलवाड गाँव में CHC एग्रीकल्चर सेंटर का विशेष दौरा किया। इस दौरे का मुख्य मकसद ज़मीनी स्तर पर पराली के असरदार प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के लिए लागू किए जा रहे उपायों और व्यवस्थाओं का आकलन करना था। दौरे के दौरान, अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए शाहिद खान ने निर्देश दिया कि पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध कृषि मशीनों की ज़्यादा से ज़्यादा बुकिंग की जाए। उन्होंने किसानों के बीच जागरूकता बढ़ाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया ताकि कोई भी किसान अपने खेतों में पराली न जलाए। उन्होंने हवा की गुणवत्ता सुधारने के लिए प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा की जा रही संयुक्त कोशिशों की सराहना की। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. सुखपाल सिंह गिल, असिस्टेंट इंजीनियर बेअंत सिंह, असिस्टेंट नोडल ऑफिसर (पराली प्रबंधन) सुनीता शर्मा और कोऑपरेटिव सोसाइटी के सचिव हरप्रीत सिंह भी विशेष रूप से मौजूद थे। मौजूद अधिकारियों ने CAQM प्रतिनिधि को भरोसा दिलाया कि भद्दलवाड गाँव (महल कलां ब्लॉक) और आसपास के इलाकों में किसानों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। साथ ही, पराली के सही और पर्यावरण के अनुकूल निपटान के लिए मशीनों की कुशल बुकिंग और उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

भाषा विभाग की जिला-स्तरीय क्विज प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने हासिल किए शीर्ष स्थान

हर श्रेणी में पहला स्थान पाने वाले छात्र राज्य-स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे

डेली आवाज भारती



बरनाला, (नवीन सिंगला काली) : मुख्यमंत्री एस. भगवंत सिंह मान के मार्गदर्शन, शिक्षा और भाषा मंत्री एस. हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व और पंजाब के भाषा विभाग के निदेशक एस. जसवंत सिंह ज़फ़र के निर्देशों के तहत, ज़िला भाषा कार्यालय, बरनाला ने %गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, बरनाला% में स्कूली और कॉलेज छात्रों के लिए ज़िला-स्तरीय लिखित क्विज़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। रिसर्च ऑफिसर बाइंडर सिंह खुडी कलां ने बताया कि ज़िले भर के स्कूलों और कॉलेजों के 100 से ज़्यादा छात्रों ने इन क्विज़ प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन ज़िला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) सुनीतेंद्र सिंह और एलए मनपाल सिंह के विशेष सहयोग तथा %सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, बरनाला% के प्रिंसिपल हरीश बंसल द्वारा की गई व्यवस्थाओं के तहत किया गया था। भाषा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताएं तीन श्रेणियों में आयोजित की गईं- पहली श्रेणी में 8वीं कक्षा तक के छात्र शामिल थे; दूसरी में 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्र; और तीसरी में अंडरग्रेजुएट कॉलेज के छात्र। उन्होंने बताया कि हर श्रेणी में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाले छात्रों को भाषा विभाग द्वारा नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। हर श्रेणी में पहला स्थान पाने वाले छात्र अब राज्य-स्तरीय क्विज़ प्रतियोगिता में भाग लेंगे। घोषित परिणामों के अनुसार, पहली श्रेणी में गुरजोत कौर (अकाल अकादमी, राजिया की छात्रा) ने पहला स्थान, कुलमित कौर (गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, गुमटी की छात्रा) ने दूसरा और जसमीत कौर (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऑफ़ एमिनेंस, महल कलां की छात्रा) ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरी श्रेणी में सानिया मिर्ज़ा (पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, छापा की छात्रा) ने पहला स्थान, हरदीप कौर (गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भैनी मेहराज़ की छात्रा) ने दूसरा और अश्मानवीर कौर (सर्वहितकारी विद्या मंदिर, टापा की छात्रा) ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, तीसरी कैटेगरी में कमलप्रीत कौर (माता साहिब कौर गर्ल्स कॉलेज, गाहिल की छात्रा) ने पहला, रजनी (लाल बहादुर शास्त्री आर्य महिला कॉलेज, बरनाला की छात्रा) ने दूसरा और हरजोत सिंह (मीरी पीरी खालसा कॉलेज, भदौर के छात्र) ने तीसरा स्थान हासिल किया। क्विज़ प्रतियोगिताओं के आयोजन से जुड़ी ज़िम्मेदारियाँ–जैसे सुपरिटेंडेंट, डिप्टी सुपरिटेंडेंट और इनविजिलेटर के तौर पर काम करना–इन स्टाफ सदस्यों ने निभाईं- लेक्चरर सुखपाल कौर, लेक्चरर रितु, बलजिंदर सिंह (साइंस मास्टर), अवनीश कुमार (सोशल स्टडीज़ मास्टर), हरजीत सिंह (मैथ मास्टर), बिक्रमजीत सिंह (सोशल स्टडीज़ मास्टर), सुखपिंदर कौर (सोशल स्टडीज़ मिस्ट्रेस), कुलदीप रानी (पंजाबी मिस्ट्रेस), हरप्रीत कौर (पंजाबी मिस्ट्रेस), बलवीर कौर (पंजाबी मिस्ट्रेस), दविंदर कौर (हिंदी मिस्ट्रेस), कंवलप्रीत कौर (पंजाबी मिस्ट्रेस), रूपिंदरपाल कौर (पंजाबी मिस्ट्रेस), करमजीत कौर (पंजाबी मिस्ट्रेस) और खुशवंत कौर (पंजाबी मिस्ट्रेस)। बरनाला के

विधानसभा हलका जंडियाला गुरु से 65वीं तीर्थ यात्रा बस संगत को लेकर रवाना

गांव देवीदासपुरा की संगत श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के करेगी दर्शन

■ **पंजाबवासी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना से पूरी तरह संतुष्ट : हरभजन सिंह ई.टी.ओ.**

डेली आवाज भारती



जंडियाला गुरु/अमृतसर, (सलोनी नेहा गिल) पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. द्वारा आज विधानसभा हलका जंडियाला गुरु के गांव देवीदासपुरा से हलके की 65वीं तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस बस के माध्यम से संगत को श्री आनंदपुर साहिब, श्री कीरतपुर साहिब और श्री नैना देवी धाम के दर्शन करवाए जाएंगे। संगत को रवाना करने के अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत प्रदेशवासियों को विभिन्न धार्मिक स्थलों के निःशुल्क दर्शन करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह यात्रा पूरी तरह निःशुल्क है। यात्रियों को धार्मिक स्थलों तक ले जाने और वापस लाने के अलावा यात्रा के दौरान रहने-सहने सहित आवश्यक प्रबंध भी पंजाब सरकार द्वारा किए जाते हैं, ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी धार्मिक आस्था के अनुसार तीर्थ स्थलों के दर्शन कर सकें। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब तक प्रदेशभर में पांच लाख से अधिक श्रद्धालु विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर चुके हैं और प्रतिदिन विभिन्न विधानसभा हलकों से तीर्थ यात्रा की बसें रवाना हो रही हैं।

13 मांगें, 13 अक्टूबर की बैठक क्या किसानों और पंजाब सरकार के बीच बनेगी सहमति ?

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब में किसानों की 13 मांगों को लेकर किसान संगठनों और पंजाब सरकार के बीच होने वाली बैठक पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। हालांकि, इस बैठक की तारीख को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में अलग-अलग जानकारी सामने आई है। कुछ रिपोर्ट्स में बैठक 11 अक्टूबर को होने की बात कही गई है, जबकि पंजाब सरकार की ओर से जारी लिखित निमंत्रण के आधार पर 13 अक्टूबर को पंजाब भवन, चंडीगढ़ में बैठक होने की जानकारी सामने आई है। बता दें, किसानों ने अपनी 13 मांगों को लेकर पंजाब के कई जिलों में जिला प्रशासनिक परिसरों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था। संगरूर में किसानों ने डीसी कार्यालय के तीनों गेटों पर धरना देकर अधिकारियों और कर्मचारियों को अंदर जाने से रोक दिया था। इससे सरकारी कार्यालयों में कामकाज प्रभावित हुआ। इसके बाद पंजाब सरकार की ओर से बातचीत का लिखित निमंत्रण दिए जाने के बाद किसानों ने घेराव समाप्त कर दिया। सरकार की ओर से भेजे गए लिखित निमंत्रण में 13 अक्टूबर को पंजाब भवन में बैठक प्रस्तावित है। बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री और विभिन्न विभागों के अधिकारी किसानों की मांगों पर चर्चा करेंगे। वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में 11 अक्टूबर की तारीख का भी उल्लेख किया गया है। इसी वजह से बैठक की तारीख को लेकर फिलहाल असमंजस की स्थिति बनी हुई है। किसानों की 13 मांगों में फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, किसानों और खेत मजदूरों की कर्जमाफी, बाढ़ और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को मुआवजा, डीएपी खाद की समस्या का समाधान, भूमि अधिग्रहण और भूमि पूलिंग से जुड़े मुद्दों का समाधान तथा किसान आंदोलन से जुड़े मामलों को वापस लेने जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा पराली जलाने के मामलों में दर्ज केस वापस लेने और खेतों में ड्रोन निगरानी बंद करने की मांग भी उठाई गई है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि बैठक आखिर 11 अक्टूबर को होती है या 13 अक्टूबर को। इससे भी ज्यादा अहम यह होगा कि बैठक में सरकार किसानों की 13 मांगों पर क्या रुख अपनाती है। अगर बातचीत से किसी ठोस समाधान की दिशा निकलती है।

सशस्त्र हमला: पूर्व सरपंच की इलाज के दौरान मौत, 1 अगस्त को पूर्व फौजी ने मारी थी गोली

डेली आवाज भारती



ब्लॉक माजरी/हरतेज तेजी : ब्लॉक माजरी के अंतर्गत आते गांव सियाल्बा में एक दर्दनाक खबर सामने आई है। करीब दो महीने पहले पूर्व फौजी द्वारा मारी गई गोली से गंभीर रूप से घायल हुए पूर्व सरपंच रजनीश कुमार उर्फ बोधा ने आखिरकार पीजीआई में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। घटना के बाद से ही उनका पीजीआई में लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

क्या थी घटना?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना 1 अगस्त की शाम को घटी थी। पूर्व सरपंच रजनीश कुमार अपनी दुकान के बाहर बैठे थे, तभी गांव के ही रहने वाले एक पूर्व फौजी महिंदर सिंह ने दुकान के अंदर जाकर उन पर गोली चला दी थी। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के तुरंत बाद परिजनों और स्थानीय दुकानदारों ने उन्हें तुरंत पीजीआई अस्पताल पहुंचाया था, जहां वे जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे।

कल होगा अंतिम संस्कार

घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने आरोपी पूर्व फौजी को हिरासत में ले लिया था। वहीं, पूर्व सरपंच की मौत की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मामले में बनती धाराओं के तहत पर्चे में बढ़ोतरी कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, कल सुबह गांव फतेहपुर सियाल्बा में पूर्व सरपंच का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

70वें पंजाब राज्य अंतर-जिला स्कूल खेल

बरनाला और खियाला कलां विंग की टीमें नेटबॉल फ़ाइनल में पहुंचीं

डेली आवाज भारती



क्कूरु।ऋह्ल स्स्स्र (बॉयज़), धनोला में आयोजित 70वें पंजाब राज्य अंतर-ज़िला स्कूल खेलों (नेटबॉल, अंडर-19 लड़कियाँ) के दौरान गणमान्य व्यक्ति खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए।

धनौला, (हरप्रीत शर्मा) : जिल शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) सुनीतिंदर सिंह गिल की देखरेख में PM SHRI SSS (मंडे) में चल रहे 70वें पंजाब राज्य अंतर-ज़िला स्कूल खेलों के तहत अंडर-19 लड़कियों की नेटबॉल कैटेगरी में कड़े मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए स्पोर्ट्स वेलफेयर कमेटी के चेयरमैन और बरनाला के ज़िला खेल प्रबंधक (DSM) अरविंद तेजपाल इस कार्यक्रम में शामिल हुए। आज हुए नॉकआउट-स्टेज क्वार्टर-फ़ाइनल मैचों में, खियाला कलां विंग ने मानसा को (24-16), संगरूर ने लुधियाना को (24-13), श्री मुक्तसर साहिब ने फाजिल्का को (24-6) और बरनाला ने पटियाला को (24-0) हराकर सेमी-फ़ाइनल में जगह बनाई। पहले सेमी-फ़ाइनल मैच में खियाला कलां विंग ने संगरूर को 37ङ्क16 से हराया, जबकि दूसरे सेमी-फ़ाइनल में बरनाला ने श्री मुक्तसर साहिब को 33-24 से हराकर फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस मौके पर टूर्नामेंट ऑब्ज़र्वर इंद्रतपाल सिंह, मलकीत सिंह, मल सिंह, विकास गोयल, अमरजीत सिंह, कमलदीप सिंह, मंजिंदर सिंह, राजविंदर कौर, अमनदीप कौर, बलकार सिंह, हरभजन सिंह, गुरदीप सिंह, तरपिंदर सिंह, सुरजीत कौर, महिंदर कौर, गुरचरण सिंह बेदी, कुलविंदर कौर, परमजीत कौर, हरजिंदर कौर, अमृतपाल सिंह, लखवीर सिंह, हरप्रीत सिंह, बलजिंदर कौर, मनदीप सिंह, परमजीत कौर, संदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, जरनैल सिंह, नरपिंदर सिंह, जगसीर सिंह, अर्चना और अर्शदीप सिंह के साथ-साथ विभिन्न ज़िलों की टीमों के इंचार्ज, कोच और खिलाड़ी मौजूद थे।

page 4_Layout 1 07-10-2026 20:49 Page 1

तिऊड़ और आसपास के क्षेत्र की सड़कों की हालत बदहाल : कंग

नई पंचायतों को ग्रांट न मिलने से विकास कार्य ठप

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने खरड़ हलके के बड़े गांव तिऊड़ में कांग्रेसी नेता लाला हरि चंद और पंच परमजीत सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत एवं गांववासियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने गांव में चल रहे विकास कार्यों और लोगों की समस्याओं का जायजा लिया।

बैठक के दौरान गांववासियों ने आम आदमी पार्टी सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी विधायक अनमोल गगन मान चुनाव जीतने के बाद गांव में नहीं आई। उन्होंने कहा कि उन्होंने कंग के कहने पर विधानसभा चुनाव में अनमोल गगन मान को वोट देकर बड़ी बढ़त से जिताया था, लेकिन इसके बावजूद गांव की समस्याओं की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। गांववासियों ने कहा कि तिऊड़ से झिंगड़ां कलां, चंदो गोबिंदगढ़, सहौड़ा, नगलियां, श्यामीपुर टपरियां और बरसालपुर टपरियां तक जाने वाली कई लिंक सड़कों की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं। कुछ सड़कों पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा पत्थर एवं गटका डाला गया था, लेकिन अब वह भी उखड़ने लगा है। ग्रामीणों ने कहा कि इन सड़कों पर अभी तक लुक नहीं डाली गई, जिसके कारण आने-जाने वाले लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गांववासियों ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र की नई चुनी गई पंचायतों को अभी तक पर्याप्त ग्रांट नहीं मिली है, जिसके कारण गांवों में विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिऊड़ जैसे बड़े गांव में भी विभिन्न विकास कार्य रुके हुए हैं। बैठक में मनरेगा को लेकर भी चर्चा हुई। गांववासियों ने कहा कि रोजगार के अवसर प्रभावित होने के कारण गरीब परिवारों और दिहाड़ीदार मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा पिछली समिति चुनावों के दौरान क्षेत्र में कथित धांधलियों का मुद्दा भी उठाया गया। गांववासियों ने कहा कि इन परिस्थितियों के कारण लोगों में मौजूदा सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ रही है और वे बदलाव की बात कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जगमोहन सिंह कंग ने कहा कि वह वर्ष 1992 में स्वर्गीय बेअंत सिंह की सरकार के समय से लेकर आज तक इस क्षेत्र की सेवा करते और चुनाव लड़ते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व है कि तिऊड़ और यह क्षेत्र लंबे समय से कांग्रेस के साथ जुड़ा रहा है।

कंग ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान उन्होंने तिऊड़ के स्कूल को प्लस-टू स्तर तक अपग्रेड करवाने, नए ट्यूबवेल लगवाने तथा बिजली का ग्रिड स्थापित करवाने सहित क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य करवाए थे। उन्होंने कहा कि वह पहले भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करते रहे हैं और आगे भी क्षेत्र के लोगों के लिए समर्पित रहेंगे। इस अवसर पर लाला हरि चंद, पंच परमजीत सिंह, बलबीर सिंह, सुच्चा सिंह, गुरप्रीत सिंह, मदन सिंह, बिक्रम सिंह, जगदीश सिंह, श्याम सिंह, सुखदेव सिंह, अमनदीप सिंह, गुरजीत सिंह, नरेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी

डेली आवाज भारती



मोहाली। मोहाली में बुधवार सुबह कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। स्कूल प्रशासन को ईमेल के जरिए धमकी मिलने की सूचना सामने आने के बाद सुरक्षा के मद्देनजर विद्यार्थियों को स्कूल परिसरों से बाहर निकाला गया और उन्हें सुरक्षित घर भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां संबंधित स्कूलों में पहुंचीं। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की मदद से स्कूल परिसरों की जांच की गई। शुरुआती जांच में किसी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है और धमकी भरे ईमेल के स्रोत का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मोहाली के अलग-अलग स्कूलों को धमकी मिलने की जानकारी सामने आई है। कुछ रिपोर्टों में सेक्टर-71 के पैरागान स्कूल, शिवालिक स्कूल, विवेक हाई स्कूल और फेज-2 के ज्ञान ज्योति स्कूल का उल्लेख है। वहीं, दूसरी ओर मिलेनियम स्कूल फेज-5, दून इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-69, अजीत इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-65 और नारायणा स्कूल सेक्टर-119 के नाम सामने आए हैं। ऐसे में प्रभावित स्कूलों की अंतिम सूची पुलिस की आधिकारिक पुष्टि के बाद ही स्पष्ट मानी जाएगी। एहतियात के तौर पर कई स्कूलों में विद्यार्थियों को घर भेजने की व्यवस्था की गई। कुछ स्कूलों ने अभिभावकों को संदेश भेजकर बच्चों को लेने के लिए कहा, जबकि बस से जाने वाले विद्यार्थियों को निर्धारित रूट के जरिए घर भेजने की व्यवस्था की गई। धमकी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने स्कूल परिसरों की तलाशी ली। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने भी जांच में हिस्सा लिया। फिलहाल किसी विस्फोटक या अन्य संदिग्ध वस्तु की बरामदगी की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस अब ईमेल भेजने वाले की पहचान और उसके स्रोत का पता लगाने में जुटी है।

जांच का एक अहम हिस्सा यह भी है कि धमकी किस स्थान या सिस्टम से भेजी गई और इसके पीछे वास्तविक मंशा क्या थी। मोहाली में इससे पहले भी स्कूलों और अन्य संस्थानों को धमकी भरे ईमेल मिलने के मामले सामने आ चुके हैं। सितंबर 2026 में मोहाली के कई निजी स्कूलों और कोर्ट कॉम्प्लेक्स को धमकी वाला ईमेल मिलने की सूचना सामने आई थी। उस समय पुलिस की तलाशी में कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली थी। फरवरी 2026 में भी मोहाली के 16 स्कूलों को बम धमकी वाले ईमेल मिले थे। उस मामले में पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि पहले भेजे गए कुछ ईमेल spoofed sources से आए थे और जांच में विदेशी IP तथा RECOVERY EMAIL से जुड़ी जानकारी सामने आई थी।

ईमेल के स्रोत की जांच

सबसे बड़ा सवाल यही है कि बुधवार को भेजे गए धमकी भरे ईमेल के पीछे कौन है और इसका उद्देश्य क्या था। सुरक्षा एजेंसियां एक तरफ स्कूल परिसरों की जांच कर रही हैं, वहीं दूसरी तरफ ईमेल के तकनीकी स्रोत की भी पड़ताल की जा रही है। खबर लिखे जाने तक किसी विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए धमकी की वास्तविक गंभीरता और इसके पीछे की मंशा जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

सीबीआई रेड के दौरान गाड़ियों पर बरसे फूल, भवानीगढ़ एसएचओ पर गिरी गाज

डेली आवाज भारती



संगरूर। संगरूर के घराचों गांव में मुख्यमंत्री भगवंत मान के OSD राजबीर सिंह घुमन के घर CBI की तलाशी के दौरान एजेंसी की गाड़ियों पर फूल बरसाने और मिठाई बांटने का मामला अब पुलिस कार्रवाई तक पहुंच गया है। भवानीगढ़ थाने के एसएचओ यशपाल शर्मा को ड्यूटी में कथित लापरवाही के आरोप में निलंबित किया गया है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई की टीम घुमन के चंडीगढ़ और संगरूर स्थित ठिकानों पर तलाशी लेने पहुंची थी। संगरूर के घराचों गांव में CBI की गाड़ियां पहुंचने और वापस जाने के दौरान कुछ लोगों ने गाड़ियों पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई और मिठाई बांटी। इस घटनाक्रम का वीडियो भी सामने आया। मामले के बाद संगरूर पुलिस ने फूल बरसाने वाले दो लोगों को सुबह उनके घरों से हिरासत में लिया। दोनों से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की गई और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। स्थानीय सूत्रों ने उन्हें राजनीतिक कार्यकर्ताओं के तौर पर बताया है। पुलिस की ओर से एसएचओ के खिलाफ कार्रवाई को ड्यूटी में कथित लापरवाही से जोड़ा गया है। हालांकि, फूल बरसाने वाले लोगों के खिलाफ आगे क्या कार्रवाई होगी और इस घटनाक्रम में उनकी राजनीतिक भूमिका क्या थी, इस पर पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी सामने आना बाकी है।

ओएसडी राजबीर घुमन के ठिकानों पर सीबीआई की कार्रवाई, मान ने बताया राजनीतिक षड़यंत्र

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ह्स्ष्ठ राजबीर सिंह घुमन और उनके कथित सहयोगियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के तहत सीबीआई ने मंगलवार को पंजाब और चंडीगढ़ में कई ठिकानों पर तलाशी ली। इनमें मुख्यमंत्री का चंडीगढ़ स्थित कैंप ऑफिस और संगरूर के घराचों गांव में ओएसडी का आवास भी शामिल था। सीबीआई ने मामले में छह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और करीब आठ स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई की गई। मामला कथित कैश फॉर ट्रांसफर और पोस्टिंग, टेंडर, नीतिगत फैसलों और प्रशासनिक कामकाज को प्रभावित करने से जुड़े आरोपों का है। सीबीआई के मुताबिक, आरोपों में IAS और IPS अधिकारियों समेत सरकारी अधिकारियों की पोस्टिंग और विभागीय कार्रवाई को प्रभावित करने, नीतिगत फैसलों, प्रशासनिक मंजूरियों, टेंडर की शर्तों, लाइसेंस, जमीन के इस्तेमाल में बदलाव, संपत्ति विवाद और राजस्व से जुड़े मामलों में कथित तौर पर आर्थिक लाभ लेने की बात शामिल है। इन आरोपों की जांच अभी जारी है। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पंजाब पुलिस को भेजी गई रिपोर्ट और कार्रवाई की मांग से आगे बढ़ा। इसके बाद पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने 5 अक्टूबर को मामले की जांच CBI को सौंपने का निर्देश दिया। हाईकोर्ट के आदेश के बाद CBI ने FIR दर्ज कर जांच शुरू की। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया था कि आरोपों की मेरिट का फैसला जांच और ट्रायल के दौरान ही होगा।

CBI ने FIR में OSD राजबीर सिंह घुमन समेत पांच अन्य लोगों को नामजद किया है। जांच एजेंसी ने तलाशी के दौरान लैपटॉप, मोबाइल फोन और दस्तावेज बरामद किए हैं, जिनकी जांच कथित भ्रष्टाचार और अन्य अनियमितताओं से जुड़े सबूतों के लिए की जा रही है। CBI की कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे राजनीतिक कार्रवाई बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है और उन्हें तथा पंजाब सरकार को बदनाम करने के लिए ED और CBI का इस्तेमाल किया जा सकता है। मान ने कहा कि उनकी सरकार जांच से पीछे नहीं हटती, लेकिन जांच एजेंसी को यह भी बताना चाहिए कि तलाशी के दौरान क्या बरामद हुआ।

संगरूर में सीबीआई की कार्रवाई पर अलग तस्वीर

संगरूर में सीबीआई अधिकारियों की कार्रवाई को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें कुछ स्थानीय लोग जांच के लिए पहुंची सीबीआई टीम की गाड़ियों पर फूल बरसाते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस वीडियो को लेकर स्थानीय लोगों की पहचान और इसके पीछे की वजह की स्वतंत्र पुष्टि जरूरी है, इसलिए इसे किसी राजनीतिक समर्थन या विरोध का प्रमाण मानना जल्दबाजी होगी। फिलहाल इस पूरे मामले में एक तरफ सीबीआई भ्रष्टाचार और प्रभाव के इस्तेमाल से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है, जबकि मुख्यमंत्री भगवंत मान इसे राजनीतिक निशाना बनाए जाने का आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में जांच से सामने आने वाले तथ्य ही यह तय करेंगे कि लगाए गए आरोपों में आगे क्या आधार सामने आता है।

विजय शर्मा टिंकू ने खरड़ में की बैठक

केंद्र सरकार पर वोट चोरी के नाम पर दोहरी नीति अपनाने का लगाया आरोप

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : खरड़ में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अमृत पाल सिंह रोमी के निवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए खरड़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी विजय शर्मा टिंकू ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वोट चोरी के नाम पर केंद्र सरकार की कथित दोहरी नीति लोगों के सामने आ गई है। विजय शर्मा टिंकू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार पर कांग्रेस द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावित करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के लोग लोकतांत्रिक मूल्यों को लेकर जागरूक हैं और आने वाले समय में इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देंगे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए जनता के बीच सक्रिय रूप से काम कर रही है। उन्होंने लोगों से आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी का समर्थन करने की अपील की। बैठक में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष खरड़ गुरिंदर सिंह वैदवान, मोनिका मैडम, जॉसी उपाध्यक्ष महिला विंग मोहाली, एडवोकेट सुखदीप कौर लीगल एडवाइजर मोहाली कांग्रेस पार्टी, मैडम नीलम जनरल सचिव जिला मोहाली, मनप्रीत सिंह बत्रा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, कुलदीप सिंह निजी सचिव हलका प्रभारी खरड़ सहित अन्य कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लुधियाना पहुंचने से पहले इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव, 3 शीशे टूटे; यात्रियों में मचा हड़कंप

लुधियाना। लुधियाना रेलवे स्टेशन पहुंचने से कुछ देर पहले दिल्ली-अमृतसर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है। ट्रेन जब तेज रफ्तार से अमृतसर की ओर बढ़ रही थी, उसी दौरान अज्ञात लोगों ने ट्रेन को निशाना बनाकर पत्थर फेंके। पथराव से कोच के तीन शीशे टूट गए, जिससे ट्रेन में बैठे यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पथराव की चपेट में ट्रेन का कोच नंबर ह्क्र 246321 आया। पत्थर लगने से सीटों के पास लगे तीन शीशे चकनाचूर हो गए। गनीमत रही कि घटना में किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। जानकारी मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल यानी RPF सक्रिय हो गया। फिरोजपुर मंडल के कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

'मेरा घर मेरे नाम' योजना के तहत परमिंदर सिंह गोल्डी ने खरड़ हलके के 247 परिवारों को सौंपे मालिकाना हक के दस्तावेज

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण जनहितैषी योजना 'मेरा घर मेरे नाम' के तहत खरड़ हलके के तीन गांवों के कुल 247 परिवारों को उनके घरों से संबंधित मालिकाना हक के दस्तावेज सौंपे गए। इस अवसर पर पंजाब यूथ विकास बोर्ड के चेयरमैन परमिंदर सिंह गोल्डी द्वारा लाभार्थी परिवारों को रजिस्ट्रियां और मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज प्रदान किए गए। इस योजना के तहत गांव तौले माजरा के 84 परिवारों, ब्लॉक माजरी के गांव मुंधो भाग सिंह के 89 परिवारों तथा गांव ढकौरा खुर्द के 74 परिवारों को मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज सौंपे गए। इस अवसर पर परमिंदर सिंह गोल्डी ने कहा कि 'मेरा घर मेरे नाम' योजना के माध्यम से लाल डोरे (आबादी देह) के क्षेत्र में लंबे समय से अपने घरों में रह रहे लोगों को उनकी संपत्ति के पक्के मालिकाना हक प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक मिलने से परिवारों को अपनी संपत्ति के संबंध में कानूनी सुरक्षा मिलेगी और वे अपनी संपत्ति का उपयोग बैंक ऋण या अन्य वित्तीय सुविधाएं प्राप्त करने के लिए भी कर सकेंगे। गोल्डी ने कहा कि लोगों को उनके अधिकार दिलाना और गांवों के निवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक के दस्तावेज मिलने से इन परिवारों को भविष्य में अपनी संपत्ति से संबंधित अन्य सुविधाएं प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा प्रदेश के लोगों को बुनियादी सुविधाएं और उनके अधिकार प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य गांवों में रह रहे लोगों को उनकी संपत्ति के मालिकाना हक प्रदान कर उन्हें और अधिक मजबूत एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर तहसीलदार हरमिंदर सिंह घोलिया सहित कार्यालय स्टाफ, ब्लॉक समिति खरड़ के चेयरमैन रघुबीर सिंह मोदी, गुरशरण सिंह, हलका संगठन इंचार्ज, हरिंदर सिंह, शरणजीत कौर तथा मुंधो भाग सिंह के सरपंच रघुबीर सिंह के अलावा गांवों के गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

एसडीएम खरड़ ने क्लस्टर और नोडल अधिकारियों के साथ पराली प्रबंधन को लेकर की बैठक

- मंडियों में खरीद प्रबंधों का लिया जायजा, कांटों की चेकिंग और लिफ्टिंग की समीक्षा

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : उप मंडल मजिस्ट्रेट, खरड़ श्री गुरमीत सिंह द्वारा आज खरड़ सब-डिवीजन की मंडियों में धान की खरीद प्रक्रिया का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में कांटों की चेकिंग करने के साथ-साथ धान की लिफ्टिंग की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए किसानों और आढ़तियों से बातचीत की तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से भी खरीद प्रबंधों संबंधी जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने दाऊंमाजरा और कुराली मंडियों का भी दौरा किया। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि मंडियों में केवल सूखी फसल ही लाई जाए, ताकि खरीद प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने किसानों से यह भी अपील की कि शाम 6 बजे से सुबह 10 बजे तक कंबाइनों से धान की कटाई न की जाए। इसके उपरांत उप मंडल मजिस्ट्रेट, खरड़ श्री गुरमीत सिंह, पीसीएस द्वारा अपने कार्यालय में खरड़ हलके के क्लस्टर अधिकारियों और नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान धान की पराली को आग लगाने से रोकने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन आने वाले गांवों में सक्रिय रूप से कार्य करें तथा किसानों, सरपंचों, पंचों और नंबरदारों के साथ लगातार तालमेल बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली जलाने से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और भूमि की उपजाऊ शक्ति पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए तथा उन्हें पराली के इन-सीटू और एक्स-सीटू प्रबंधन के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पराली को आग लगने की किसी भी घटना की तुरंत रिपोर्ट की जाए और आवश्यकता पड़ने पर फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर तुरंत काबू पाया जाए। एसडीएम ने कहा कि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और माननीय हाई कोर्ट के आदेशों के अनुसार नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी में किसी भी प्रकार की ढील या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित विशेष डॉक्यूमेंट्री का गांव देह कलां, धड़ाक कलां और धड़ाक खुर्द में प्रदर्शन

डेली आवाज भारती



खरड़, संदीप अकालगढ़िया : पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पूरे प्रदेश में चलाई जा रही विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म के तहत खरड़ ब्लॉक के गांव देह कलां, धड़ाक कलां और धड़ाक खुर्द में 30 मिनट की डॉक्यूमेंट्री फिल्म एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाई गई। इस अवसर पर गांववासियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धा और उत्साह के साथ डॉक्यूमेंट्री देखी। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप मंडल मजिस्ट्रेट, खरड़ श्री गुरमीत सिंह ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित यह विशेष पहल की गई है। इसका उद्देश्य श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, उनकी शिक्षाओं और समाज को दिए महान संदेश को आम लोगों तक पहुंचाना है।

उन्होंने बताया कि 30 मिनट की इस विशेष डॉक्यूमेंट्री में श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन और उनकी बाणी से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से समाज में समानता, भाईचारे, मानवता, आपसी प्रेम और सद्भावना का संदेश दिया जा रहा है। श्री गुरमीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाएं आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उनका संदेश हर वर्ग के लोगों को आपसी भाईचारे, सम्मान और समानता के साथ जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा गांव स्तर पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से डॉक्यूमेंट्री दिखाने की यह पहल लोगों को श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन और विचारधारा से जोड़ने में सहायक साबित हो रही है। इस अवसर पर देह कलां, धड़ाक कलां और धड़ाक खुर्द के गांववासियों ने पंजाब सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांवों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से डॉक्यूमेंट्री दिखाए जाने से लोगों, विशेषकर युवा पीढ़ी को श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन के दौरान गांववासियों ने श्रद्धा के साथ इसे देखा और श्री गुरु रविदास जी महाराज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संदेश लिया।

page 5_Layout 1 07-10-2026 19:09 Page 1

लालडू में महंतों की जमीन पर होटल नहीं, बनेगा भव्य मंदिर: महंत सुखबीर दास ठाकुर

डेली आवाज भारती



जीरकपुर। लालडू में महंतों की ऐतिहासिक जमीन को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे कथित भ्रामक प्रचार का खंडन करते हुए महंत सुखबीर दास ठाकुर ने स्पष्ट किया कि उक्त पवित्र भूमि पर कोई व्यावसायिक होटल नहीं, बल्कि भगवान का भव्य मंदिर ही बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि महंतों की जमीन धार्मिक कार्यों और मंदिर निर्माण के लिए समर्पित है। प्रेस क्लब जीरकपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महंत सुखबीर दास ठाकुर ने कथित भू-माफिया और सोशल मीडिया पर गलत प्रचार करने वाले लोगों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि महंतों की जमीन किसी की निजी संपत्ति नहीं है, जिसे कोई अपनी मर्जी से बेच या कब्जा कर सके। उन्होंने दावा किया कि वह पिछले करीब 50 वर्षों से इस जमीन की पवित्रता और अधिकार को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। महंत सुखबीर दास ने कहा कि विरोधियों द्वारा कथित तौर पर फर्जी और गैर-कानूनी संस्थाएं बनाकर जमीन पर कब्जा करने के प्रयास किए गए, लेकिन अदालतों में मामला पहुंचने के बाद उन्हें राहत मिली। उन्होंने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट तक मामले के तथ्यों की जांच के बाद फैसला महंतों के पक्ष में आया है। सोशल मीडिया पर होटल बनाए जाने की चर्चाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि यदि यहां होटल बनना होता तो धार्मिक झंडे और भगवान हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित नहीं की जाती। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थल की सुरक्षा के लिए उन्होंने स्वयं करीब 30 लाख रुपये का कर्ज लेकर चारदीवारी का निर्माण करवाया है। उनका कहना था कि लालडू और आसपास के क्षेत्रों में डेरों की जमीन धार्मिक कार्यों और मंदिर निर्माण के लिए ही रखी गई है। इस मौके पर हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रचारक देव अमित शर्मा ने महंत सुखबीर दास ठाकुर का समर्थन करते हुए कहा कि मंदिर निर्माण में किसी प्रकार की बाधा डालने का प्रयास किया गया तो उसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत समाज किसी दबाव में नहीं आएगा और भगवा आर्मी धर्म की रक्षा तथा मंदिर निर्माण के लिए महंतों के साथ खड़ी है। कानूनी पक्ष रखते हुए अधिवक्ता प्रदीप गुप्ता ने कहा कि महंत सुखबीर दास के पास जमीन की मिल्कियत से संबंधित दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने दावा किया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत गद्दी पर विराजमान महंत को जमीन का अधिकार प्राप्त होता है। अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि महंतों के निधन के करीब दो वर्ष बाद कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर एकतरफा स्टे लेने का प्रयास किया गया था, जिसे अदालत ने रद्द कर दिया। महंत सुखबीर दास ठाकुर ने कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य लोगों को भ्रामक प्रचार से सचेत करना और स्थिति स्पष्ट करना है। उन्होंने दोहराया कि लालडू की इस जमीन पर होटल नहीं, बल्कि भव्य मंदिर का निर्माण ही किया जाएगा।

गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है प्रदेश सरकार : नायब सिंह सैनी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार का लक्ष्य प्रदेश के गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर विकसित करना है। गांवों में भी शहरों जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं पक्की गलियां, नालियां, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क, व्यायामशाला, ई-लाइब्रेरी और तालाबों का सौंदर्यीकरण उपलब्ध करवाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को जिला कुरुक्षेत्र में अपने पैतृक गांव मंगौली जाटान का दौरा किया। दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने गांव के तालाब (जोहड़) का विस्तृत अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को तालाब का सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए और इसके लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद मुख्यमंत्री पैदल ही तालाब स्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि तालाब के पास मिट्टी भराव और एक शेड का निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा करवाया गया है, लेकिन अभी भी इस स्थान पर साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और बैठने की समुचित व्यवस्था की कमी है। बरसात के दिनों में यहां जलभराव की समस्या भी बनी रहती है, जिससे आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तालाब की पूर्ण रूप से साफ-सफाई करवाई जाए। तालाब के चारों ओर मजबूत चारदीवारी (बाउंड्री वॉल) का निर्माण करवाया जाए। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए और जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाया जाए। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मौसम का बदला मिजाज़! पंचकूला में तेज बारिश के साथ ओले पड़े

पंचकूला। हरियाणा में बुधवार दोपहर बाद मौसम फिर बदल गया। पंचकूला में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। मंगलवार रात भी यहां ओले पड़े थे। अंबाला, यमुनानगर में भी घटा छाई हुई है।12 अक्टूबर तक बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़ के मुताबिक, इस दौरान दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होंगे। IMD ने आज पूरे दिन अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, गुरुग्राम और फरीदाबाद में यलो अलर्ट जारी किया है।इन जिलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। बारिश के अलर्ट से मंडियों में खुले में पड़े धान को लेकर किसानों और आढ़तियों की चिंता बढ़ गई है।

जनगणना में नहीं है जाति का कॉलम, जनता से धोखा कर रही बीजेपी : भूपेंद्र सिंह हुड्डा

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। कांग्रेस ने जाति जनगणना की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद, पूर्व सांसद राजबब्बर और प्रदेश ओबीसी अध्यक्ष चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल के पास पहुंचा और ज्ञापन सौंपा। इसके बाद सभी नेताओं ने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय ओबीसी हक हुंकार कार्यक्रम में शिरकत की।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि देश में सभी जाति-वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना बेहद जरूरी है। हमारे नेता राहुल गांधी ने इसको लेकर पूरे देश में मुहिम चलाई थी और ऐलान किया था कि सत्ता में बैठी भाजपा को इस जनगणना के लिए मजबूर किया जाएगा। आखिरकार भाजपा ने कांग्रेस और जनभावना के दबाव में संसद के भीतर जाति जनगणना का ऐलान करना पड़ा। लेकिन अब मालूम पड़ रहा है कि यह सिर्फ एक धोखा था। फिलहाल जो जनगणना चल रही है, उसमें जाति के लिए कोई कॉलम है ही नहीं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकार को न सिर्फ इसमें अलग से जाति का कॉलम जोड़ना चाहिए, बल्कि जाति की कोडिंग इस तरह की जाए कि एक ही जाति के अलग-अलग क्षेत्रों और राज्यों में अलग-अलग नाम होने के बावजूद उसकी सही पहचान हो सके। इसके लिए यूनिक साइंटिफिक कास्ट कोड का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि अगर भाजपा ने जनता के साथ किसी भी तरह का धोखा किया, तो उसे दलित, पिछड़े समेत तमाम वर्ग तसल्लीबख्श जवाब देंगे। राज बब्बर ने कहा कि सामाजिक न्याय व समान भागीदारी के लिए नेता प्रतिपक्ष व न्याययोद्धा राहुल गांधी निरंतर आवाज बुलंद कर रहे हैं। सभी कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी है कि इस आवाज को और बुलंद किया जाए। चंद्र प्रकाश ने कहा कि कांग्रेसजनों द्वारा विभिन्न जिलों में धरना देकर व प्रदर्शन करते हुए जातीय जनगणना के लिए उपायुक्तों को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। सोनीपत, अंबाला व यमुनानगर में यह अभियान सफल रहा है और अब इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के सभी जिलों में आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी व हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से इस अभियान को बल मिला है और इससे ओबीसी हक हुंकार अभियान और अधिक गतिशील होगा। इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस तरह दिल्ली में प्रदर्शन किया, उससे सरकार बौखला गई है। लेकिन अब यह तय हो चुका है कि मुख्य चुनाव आयुक्त का जाना तय है। हरियाणा कांग्रेस भी लगातार वोट चोरी और चुनाव में धांधली के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर रही है। अब इसे और गति दी जाएगी। साथ ही, इसको लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं की भी बैठक हुई है। यानी पूरा विपक्ष एकजुट होकर भाजपा और चुनाव आयोग की धांधली व मिलीभगत के खिलाफ पूरे देश में लड़ाई लड़ेगा।

पिंक पास को लेकर सौरभ भारद्वाज बोले- जनता को परेशान करना इनकी आदत

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। दिल्ली की बसों में महिलाओं के मुफ्त सफर के लिए पिंक पास को अनिवार्य किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी ने सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि पिंक पास बनवाने के लिए महिलाओं को घंटों लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उनका दावा है कि दिनभर लाइन में लगने के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं के पास नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जनता को परेशान करना इस सरकार की आदत बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले से आसानी से मिल रही सुविधाओं को भी जटिल बना दिया गया है और आम लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए सड़कों पर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हर आसान काम और पहले से चल रही सुविधा के लिए लोगों को लाइनों में खड़ा कर दिया है। उन्होंने नोटबंदी, एसआईआर और पिंक पास के साथ-साथ एलपीजी सिलेंडर से जुड़ी परेशानियों का भी उल्लेख किया। उनका आरोप है कि लोगों को इतना परेशान कर दिया जाए कि वे सरकार से किसी नई सुविधा की मांग ही न करें और अपनी रोजमर्रा की परेशानियों में उलझे रहें। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में पहले सभी महिलाएं बसों में मुफ्त सफर करती थीं और इसके लिए किसी विशेष पास की जरूरत नहीं होती थी।

स्वकअमृतपाल सिंह को बीमार दादी से 10 मिनट वीडियो कॉल करने की इजाज़त; अमृतसर कोर्ट ने निर्देश जारी किए

डेली आवाज भारती

अमृतसर/रवि जाखू : अमृतसर की एक कोर्ट ने खडूर साहिब से निर्दलीय स्वक अमृतपाल सिंह, जो डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद हैं, को अपनी बीमार 82 साल की दादी से वीडियो कॉल के ज़रिए बात करने की इजाज़त दे दी है। यह इजाज़त अजनाला पुलिस स्टेशन में दर्ज स्वढ्ढकनंबर 39 के सिलसिले में दी गई थी। अमृतपाल सिंह के वकील, मनजीत सिंह छीना ने अंतरिम ज़मानत के लिए एक अर्ज़ी दी थी ताकि वह अपनी बीमार दादी से मिल सकें। सुनवाई के दौरान, कोर्ट को बताया गया कि अर्ज़ी दायर करने के समय वह श्री गुरु राम दास चैरिटेबल हॉस्पिटल में भर्ती थीं, लेकिन अब घर लौट आई हैं।इसके बाद, बचाव पक्ष ने अमृतपाल सिंह को वीडियो कॉल के ज़रिए अपनी दादी से बात करने की इजाज़त मांगी। सरकारी वकील, जिसका प्रतिनिधित्व वकील गुरिंदरबीर सिंह कर रहे थे, ने इस रिक्वेस्ट का विरोध नहीं किया। दादी की ज़्यादा उम्र और सेहत को देखते हुए, एडिशनल सेशंस जज परिंदर सिंह ने निर्देश दिया कि अमृतपाल सिंह को पांच दिनों के अंदर 10 मिनट तक की एक वीडियो कॉल करने की इजाज़त दी जाए। मौजूदा रिपोर्ट्स भी कन्फर्म करती हैं कि कोर्ट का आदेश इन पांच दिनों में एक बार कॉल करने की इजाज़त देता है। कोर्ट ने शर्त रखी है कि परिवार का कोई भी सदस्य या प्राइवेट व्यक्ति वीडियो कॉल की फ़ोटो लेने या रिकॉर्ड करने की इजाज़त नहीं देगा। अमृतपाल सिंह 2024 में खडूर साहिब से इंडिपेंडेंट कैंडिडेट के तौर पर लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह अभी भी डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं और अजनाला हिंसा केस समेत कई मामलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए पंजाब की अदालतों में पेश हो रहे हैं।



महंगाई का असर: आरबीआई ने लगभग साढ़े तीन साल बाद रेपो रेट बढ़ाया

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में चल रहे जियोपॉलिटिकल टकराव और उसकी वजह से बढ़ते महंगाई के दबाव को देखते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने ब्याज दरें बढ़ाने का एक बड़ा फैसला लिया है। मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी (MPC) की तीन दिन की अहम मीटिंग खत्म होने के बाद, RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज सुबह 10 बजे घोषणा की कि सेंट्रल बैंक ने मुख्य रेपो रेट में 0.25 परसेंट की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के साथ, रेपो रेट अब 5.25प्रतिशत से बढ़कर 5.50त्न हो गया है। गौरतलब है कि रेपो रेट पिछले साढ़े तीन साल से 5.25त्न पर स्थिर था। इससे पहले, RBI ने फरवरी 2023 में रेपो रेट को बढ़ाकर 6.50त्न कर दिया था, जिसके बाद रेट में कटौती और स्थिरता का दौर चला था। हालांकि, अब ग्लोबल आर्थिक अनिश्चितताओं और कच्चे तेल और खाने-पीने की चीजों की बढ़ती कीमतों की वजह से सेंट्रल बैंक को फिर से सख्त पॉलिसी अपनानी पड़ी है।रेपो रेट में इस बढ़ोतरी से बैंकों के लिए RBI से उधार लेना महंगा हो जाएगा, जिसका सीधा बोझ आम ग्राहकों पर पड़ेगा। होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन लेने वाले ग्राहकों की महीने की किस्तें (EMI) बढ़ना तय है, जबकि नए कर्ज लेने वालों को भी ज़्यादा ब्याज दरों का सामना करना पड़ेगा।

बदलते शिक्षा वातावरण के साथ तालमेल के लिए शिक्षकों को ज्ञान और तकनीक के स्तर पर अपडेट रहना जरूरी

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर में उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के मार्गदर्शन में दो सप्ताह के ऑनलाइन बहुविषयक रिफ्रेशर कोर्स की शुरुआत की गई। इस कोर्स में देश के 21 राज्यों से 177 शिक्षक उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एजुकेशनल टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट अकादमी काउंसिल, गुरुग्राम, हरियाणा के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) मर्मर मुखोपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एम.एम.टी.टी.सी. के निदेशक प्रो. (डॉ.) बलविंदर सिंह, उप-निदेशक डॉ. रेखा हांडा तथा शिक्षा विभाग के प्रो. (डॉ.) अमित कौट्स, जो कोर्स के कोऑर्डिनेटर भी हैं, उपस्थित रहे। सभी का स्वागत करते हुए प्रो. (डॉ.) बलविंदर सिंह ने कहा कि तेजी से हो रहे तकनीकी विकास और बदलती शैक्षणिक जरूरतों के कारण मौजूदा अध्यापन-अधिगम प्रणाली में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए अपने ज्ञान, अध्यापन विधियों और तकनीकी क्षमताओं को लगातार अपडेट करना जरूरी है, ताकि वे बदलती शैक्षणिक जरूरतों के अनुरूप विद्यार्थियों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ सकें। प्रो. (डॉ.) अमित कौट्स ने कोर्स की बहुविषयक संरचना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न विषयों पर आयोजित किए जाने वाले सत्र प्रतिभागियों को अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने, नई क्षमताएं हासिल करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और अपने पेशेवर कार्यों को और बेहतर बनाने के अवसर प्रदान करेंगे। उद्घाटन संबोधन के दौरान मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) मर्मर मुखोपाध्याय ने बदलते शिक्षा माहौल का उल्लेख करते हुए कहा कि अकादमिक क्षेत्र में तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग तेज और अधिक प्रभावी परिणामों के लिए सहायक के रूप में किया जा सकता है, लेकिन इसका अंतिम नियंत्रण मनुष्य के पास ही रहना चाहिए।

क्राइम ब्रांच के ASI ने सरकारी मकान में उठाया खौफनाक कदम, खबर पढ़ हैरान रह जाएंगे आप

झज्जर: हरियाणा के झज्जर के रहने वाले स्वढ्ढ सतपाल सिंह (50) ने अपने सरकारी मकान में आत्महत्या कर ली। सतपाल सिंह चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच में मालखाना मुंशी के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार दोपहर ड्यूटी खत्म करने के बाद वे घर लौटे थे। परिवार के अन्य सदस्य सोनीपत गए हुए थे। रात में पत्नी ने उन्हें कई बार कॉल की, जो रिसीव नहीं हुई। इसके बाद पत्नी ने पड़ोसी को मौके पर भेजा, तो सतपाल फंदे से लटके मिले। पड़ोसी ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।परिवार के अनुसार, कुछ समय पहले ही सतपाल के दो सगे भाइयों की मृत्यु हुई थी। अब सोनीपत में होने वाली भतीजी की शादी की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर थी। इसके लिए उन्होंने करीब एक महीने (30 दिन) की छुट्टी मांगी थी, लेकिन उन्हें केवल पांच दिन की छुट्टी ही मिल सकी थी। इसके बाद उन्होंने दोबारा आवेदन भेजा, जिसे खारिज कर दिया गया। इसी वजह से वे काफी परेशान चल रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। शुरुआती जांच में आत्महत्या की बात सामने आई है, हालांकि घटना के पीछे के वास्तविक कारणों को लेकर पुलिस की जांच जारी है

चंडीगढ़: CPDL ने सारंगपुर में नया कंप्लेंट सेंटर बनाया

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (CPDL) ने सारंगपुर में एक नया कंप्लेंट सेंटर बनाया है, ताकि कंज्यूमर्स को पावर सप्लाई और वोल्टेज से जुड़ी शिकायतें दर्ज करने और उन्हें हल करने में आसानी हो। यह कंप्लेंट सेंटर सारंगपुर सब-स्टेशन पर बनाया गया है और यह सारंगपुर, खुदा लाहौरा, खुदा जस्सू और धनास के कंज्यूमर्स की ज़रूरतों को पूरा करेगा। इस सुविधा से इन इलाकों के लगभग 16,000 कंज्यूमर्स को फ़ायदा होगा, क्योंकि उन्हें बिजली से जुड़ी अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए एक और प्लैटफ़ॉर्म मिलेगा।इस कंप्लेंट सेंटर से कंज्यूमर्स खुद जाकर कंप्लेंट सेंटर जा सकेंगे और पावर सप्लाई, वोल्टेज में उतार-चढ़ाव और बिजली से जुड़ी दूसरी समस्याओं की शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। यह कंज्यूमर्स को अपनी परेशानियां बताने और मदद मांगने के लिए सीधे संपर्क का एक ज़रिया देगा। इस पहल के बारे में बात करते हुए, CPDL के CEO ब्रजेश कुमार ने कहा कि नया कंप्लेंट सेंटर बनाने का मकसद कंज्यूमर सर्विसेज़ को और ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है। न्होंने कहा, ÷नया कंप्लेंट सेंटर लोगों को एक खास सुविधा देगा, जहाँ वे खुद जाकर अपनी बिजली और वोल्टेज से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इस पहल का मकसद हमारे कंज्यूमर सर्विस सिस्टम को मजबूत करना और कंप्लेंट रिड्रेसल सुविधाओं को कंज्यूमर के करीब लाना है। इस पहल से कंज्यूमर और CPDL की फील्ड टीमों के बीच बातचीत और आसान होने और बिजली सप्लाई और वोल्टेज से जुड़ी शिकायतों को समय पर दूर करने में मदद मिलने की उम्मीद है। कंज्यूमर CPDL की कस्टमर केयर हेल्पलाइन - 9240216666 पर WhatsApp पर "Hi" भेजकर या हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके भी अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। चंडीगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (CPDL) केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए बिजली डिस्ट्रीब्यूशन और रिटेल सप्लाई कंपनी है। RP-संजीव गोयनका ग्रुप के पावर बिजनेस का हिस्सा, CPDL मॉडर्न सिस्टम और प्रोएक्टिव कंज्यूमर एंगेजमेंट के जरिए कस्टमर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाते हुए भरोसेमंद, सुरक्षित और कुशल बिजली सप्लाई देने के लिए जिम्मेदार है।

इन्फ्लुएंसर मैड संधू मर्डर केस में दो संदिग्ध हिरासत में लिए गए

डेली आवाज भारती



पुलिस को 24 घंटे में बड़े खुलासे की उम्मीदअमृतसर (पंजाब), 7 अक्टूबर, 2026= पुलिस कमिश्नर हरमनबीर सिंह गिल ने मंगलवार को बताया कि अमृतसर में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मैड संधू की हत्या के सिलसिले में पुलिस ने पूछताछ के लिए दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गिल ने कहा कि दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है, क्योंकि जांचकर्ता कथित शूटरों की पहचान करने और हत्या के हालात का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, जांच में अब तक क्रिमिनल लोगों के शामिल होने और पैसे के लिए हत्या किए जाने की संभावना का संकेत मिला है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पुलिस किसी भी नतीजे पर पहुंचने से पहले मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। गिल ने कहा कि मैड संधू एक जाने-माने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर थे और सोशल मीडिया पर कई विवादों में शामिल रहे थे। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या इनमें से कोई भी मामला हत्या से जुड़ा हो सकता है। किसी संभावित एक्सट्रीमिस्ट या दूसरे ऑर्गनाइज़्ड एंगल के बारे में पूछे जाने पर, पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अभी तक किसी भी एक्सट्रीमिस्ट ऑर्गनाइज़ेशन का कोई हाथ नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह घटना कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर क्रिमिनल लोगों ने की होगी। गिल ने कहा कि जांच में कॉम्प्रोमाइज़ से बचने के लिए इस स्टेज पर सस्पेक्ट्स के नाम और दूसरी ज़रूरी डिटेल्स नहीं बताई जा रही हैं। उन्होंने मीडिया और पब्लिक से 24 घंटे इंतज़ार करने की अपील की, और कहा कि पुलिस को आगे की जांच के बाद मामले में बड़े खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि टीमें कथित मेन शूटर्स के साथ-साथ उन लोगों का भी पता लगाने के लिए काम कर रही हैं जिन्होंने क्राइम की प्लानिंग की हो या उसे आसान बनाया हो।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्त्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 07-10-2026 16:16 Page 1



कियारा और सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक जॉइंट पोस्ट के जरिए यह खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की है। कपल ने बताया कि एक बार फिर उन्हें जिंदगी का सबसे खूबसूरत तोहफा मिलने वाला

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा दूसरी बार बनने वाले हैं माता-पिता, खास अंदाज में दी खुशखबरी

मुंबई। बॉलीवुड के स्टार कपल कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर एक बार फिर खुशियां आने वाली हैं। दोनों जल्द ही दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। कियारा और सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक जॉइंट पोस्ट के जरिए यह खुशखबरी अपने फैंस के साथ शेयर की है। कपल ने बताया कि एक बार फिर उन्हें जिंदगी का सबसे खूबसूरत तोहफा मिलने वाला है। इस खबर के सामने आते ही फैंस उन्हें बधाई देने लगे हैं। कियारा और सिद्धार्थ ने इंस्टाग्राम पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनकी पहली बेटी सरायाह मल्होत्रा अपने माता-पिता को ऊन से बने मोजे देती नजर आ रही हैं। इस तस्वीर के जरिए कपल ने अपने दूसरे बच्चे के आने की खबर बेहद खूबसूरत अंदाज में दी। पोस्ट के कैप्शन में दोनों ने लिखा, 'एक बार फिर सबसे बड़े तोहफे का आशीर्वाद मिला... हमारे दिल प्यार और आभार से भरे हुए हैं। '

बता दें कि कियारा और सिद्धार्थ की लव स्टोरी की शुरुआत फिल्म 'शेरशाह' के सेट से हुई थी। दोनों ने साल 2021 में आई इस फिल्म में साथ काम किया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और धीरे-धीरे उनका रिश्ता प्यार में बदल गया। कई साल तक डेट करने के बाद दोनों ने फरवरी 2023 में राजस्थान में ग्रैंड वेडिंग की। शादी में परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। शादी के करीब दो साल बाद जून 2025 में कियारा और सिद्धार्थ पहली बार माता-पिता बने। उनके घर एक बेटी ने जन्म लिया, जिसका नाम सरायाह रखा गया। कियारा और सिद्धार्थ की दूसरी बार पैरेंट्स बनने के अनाउंसमेंट के बाद सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो कियारा आडवाणी हाल ही में यश स्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आई हैं। इस फिल्म में उनके साथ यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत भी अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'वन-फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' 25 सितंबर को रिलीज हुई थी, जिसमें वह तमन्ना भाटिया के साथ नजर आए हैं।

सुहैल नायर ने की ऋषि कपूर और रणबीर कपूर की तुलना

बोले- 'दोनों के साथ अलग रहा अनुभव'

अभिनेता सुहैल नायर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले वह इसके प्रमोशन में व्यस्त हैं और इसी दौरान उन्होंने अपने करियर के कुछ खास अनुभव भी साझा किए। आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में सुहैल ने दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर के साथ काम करने से लेकर उनके बेटे और अभिनेता रणबीर कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करने तक के अपने अनुभव के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पिता और बेटे दोनों के काम करने का तरीका और सेट पर उनका व्यवहार एक-दूसरे से काफी अलग है। आईएएनएस से बात करते हुए सुहैल ने कहा, 'मैंने ऋषि कपूर के साथ फिल्म 'शर्माजी नमकीन' में काम किया था और अब रणबीर कपूर के साथ 'रामायण- पार्ट 2' में काम किया है। दोनों कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव काफी अलग रहे। दोनों की अपनी अलग शख्सियत है।' बता दें कि फिल्म 'शर्माजी नमकीन' में ऋषि कपूर ने मुख्य किरदार शर्मा जी की भूमिका



निभाई थी, लेकिन 2020 में उनका निधन हो गया, जिसके बाद बाकी हिस्से को अभिनेता परेश रावल ने पूरा किया। इस वजह से फिल्म में एक ही किरदार दो अलग-अलग कलाकारों के जरिए नजर आया।

सुहैल ने इस फिल्म के अनुभव को याद करते हुए कहा, 'मैंने एक ही सीन पहले ऋषि कपूर के साथ किया और फिर उसी सीन को परेश रावल के साथ भी शूट किया। मेरा किरदार शर्मा जी के बेटे का था और इसलिए सामने मौजूद अभिनेता के हिसाब से मेरी प्रतिक्रिया भी बदलती थी। एक सीन में मेरा किरदार अपने पिता शर्मा जी को जवाब देता है। ऐसे में सामने जो अभिनेता थे, मैं उन्हीं के अनुसार ही उस सीन में अपना तरीका बदला।' सुहैल ने कहा, 'दोनों कलाकारों के साथ एक ही सीन करने में मुझे किसी तरह की परेशानी महसूस नहीं हुई। बल्कि मेरे लिए यह पूरा अनुभव सीखने वाला रहा। बतौर अभिनेता मुझे यह प्रक्रिया बिल्कुल अजीब नहीं लगी और मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे इस तरह की फिल्म का हिस्सा बनने का मौका मिला।' जब आईएएनएस ने सुहैल से पूछा कि क्या उन्हें ऋषि कपूर और रणबीर कपूर के काम करने के तरीके में कोई समानता नजर आई। इस पर उन्होंने कहा, 'दोनों काफी अलग हैं। उम्र, अनुभव और रिश्तों की वजह से भी मेरा दोनों के साथ काम करने का अनुभव अलग रहा। रणबीर के साथ जिस तरह की शानदार बॉन्डिंग महसूस हुई, वैसी ऋषि कपूर के साथ होना संभव नहीं थी। वह काफी मैच्योर थे। मैं उनसे उनके पुराने काम और करियर के शुरुआती दौर के बारे में पूछता था। उनका अनुभव सुनना मेरे लिए अपने आप में एक खास सीख थी।'

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित का गाना 'एक-दो तीन' आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है। मगर कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने के डांस स्टेप को अमिताभ बच्चन अपनी फिल्म में दोहरा चुके हैं। हाल ही में अमिताभ बच्चन ने टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18' के एक खास एपिसोड में खुद इस बात का खुलासा किया। टीवी शो 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18' के खास एपिसोड में माधुरी दीक्षित ने शिरकत की थीं। शो के दौरान हुई हल्की-फुल्की बातचीत में अमिताभ ने माधुरी दीक्षित से कहा, 'एक बार हमसे बड़ी गुस्ताखी हो गई थी। एक फिल्म में हमने आपके गाने '1, 2, 3' के स्टेप को पीछे हटकर किया था।' वहीं, माधुरी दीक्षित ने भी इस मौके पर अभिनेता के मजे लेते हुए उस क्लिप को दिखाने के लिए कहा, जिसके बाद शो की टीम ने पुरानी फुटेज दिखाकर अमिताभ को चौंका दिया। इस क्लिप में अमिताभ बच्चन 1989 की फिल्म 'तूफान' में 'एक दो तीन' का कॉमिक वर्जन करते नजर आ रहे हैं। क्लिप में अभिनेता कमर घुमाकर माधुरी दीक्षित के मशहूर डांस स्टेप्स को करने की कोशिश करते हैं। पुरानी फुटेज देखकर अमिताभ हंस पड़े और उन्होंने मजाक में कहा, अरे बाप रे, कहां-कहां से ये लोग निकालकर ला रहे हैं। किसी अच्छे गाने को खराब किस तरह से किया जाता है, वह इस क्लिप को देखकर पता चल रहा है। बता दें कि माधुरी दीक्षित का आइकॉनिक गाना 'एक दो तीन' साल 1988 की सुपरहिट फिल्म 'तेजाब' में फिल्माया गया था, जिसने उन्हें रातों-रात बॉलीवुड का सुपरस्टार बना दिया था। 'एक दो तीन' की सफलता ने उनके करियर को नई ऊंचाइयां दीं और उन्हें इंडस्ट्री की शीर्ष अभिनेत्रियों में ला खड़ा किया। सरोज खान द्वारा सिखाए गए इस गाने के डांस स्टेप्स और माधुरी के एनर्जेटिक अंदाज ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। 'एक दो तीन' गाने में माधुरी दीक्षित ने में मोहिनी की भूमिका निभाई थी। अलका याग्निक



और अमित कुमार द्वारा गाया गया और लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल द्वारा रचित यह गाना हिंदी सिनेमा के सबसे आइकॉनिक डांस नंबर में से एक बन गया।

साल 2018 में आई फिल्म 'बागी 2' में इस गाने का रीक्रिएटेड वर्जन आया था, जिसमें जैकलीन फर्नांडिस ने परफॉर्म किया था।

मुंबई में अर्चना गौतम के कैफे में हुई चोरी

सीसीटीवी फुटेज शेयर कर सभी से सतर्क रहने की अपील

मुंबई। अभिनेत्री और रियलिटी टीवी शख्सियत अर्चना गौतम के कैफे में सोमवार तड़के चोरी हो गई। अभिनेत्री ने इस घटना का सीसीटीवी फुटेज शेयर करते हुए अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लोगों से सतर्क रहने और अपने घरों और व्यवसायों की सुरक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर सीसीटीवी फुटेज का वीडियो पोस्ट किया, जिसमें चोर को कैफे में घुसकर कथित तौर पर पूरा कैश काउंटर ले जाते हुए देखा जा सकता है। अर्चना ने अपनी पोस्ट के जरिए बताया कि उन्होंने एफआईआर दर्ज कराई है और मुंबई पुलिस से जल्द कार्रवाई करने की अपील की है। सीसीटीवी फुटेज साझा करते हुए अर्चना ने लोगों से सतर्क रहने और अपने घरों और व्यवसायों की सुरक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा, मैं आप सभी के साथ मुंबई में अपने कैफे में हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज साझा कर रही हूं ताकि आप भी सतर्क रहें और अपने घरों और व्यवसायों की





सुरक्षा का ध्यान रखें। अभिनेत्री ने कैफे के पीछे की मेहनत के बारे में बताते हुए लिखा, मैंने इस कैफे को बहुत प्यार और मेहनत से बनाया है, जिसके लिए मैंने अपनी सारी जमा- पूंजी लगा दी। इसमें एक-एक चीज बड़ी मेहनत से जोड़ी है लेकिन एक चोर मेरे कैफे में घुसकर पूरा कैश काउंटर ही उठाकर ले गया। उन्होंने आगे लिखा, मैंने इस मामले की एफआईआर दर्ज करा दी है और मुंबई पुलिस से विनम्र अनुरोध है कि इस व्यक्ति को जल्द से जल्द तलाश कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। मुंबई हमेशा से मुझे एक सुरक्षित शहर लगा है, इसलिए इस घटना ने मुझे बहुत दुखी किया है। आप सभी से बस यही अनुरोध है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और अपने आसपास की सुरक्षा का ध्यान रखें। अभिनेत्री द्वारा शेयर की गई पोस्ट पर मनोरंजन जगत के कई कलाकारों ने प्रतिक्रिया दी। बता दें कि अर्चना ने अक्टूबर 2025 में मुंबई में आउटलेट खोलकर फूड बिजनेस में कदम रखा था। उन्होंने सेलिब्रिटी मास्टरशेफ इंडिया में अपने काम के दौरान खाना पकाने में अपनी दिलचस्पी भी दिखाई थी।

CMYK

page 7_Layout 1 07-10-2026 20:50 Page 1

200 मोटरसाइकिलों के काफिले के साथ मोहाली पहुंचे गुरदर्शन सिंह सैनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा को समर्पित कार्यक्रम में की शिरकत

डेली आवाज भारती



जीरकपुर/तरनप्रीतः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा के अवसर पर मोहाली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ओबीसी पंजाब के उपाध्यक्ष एवं डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के सेवक गुरदर्शन सिंह सैनी के नेतृत्व में जीरकपुर से करीब 200 मोटरसाइकिलों का विशाल काफिला मोहाली पहुंचा। गुरदर्शन सिंह सैनी के नेतृत्व में मोटरसाइकिलों का यह काफिला जीरकपुर की विभिन्न सड़कों से होते हुए मोहाली के लिए रवाना हुआ। काफिले में बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मोटरसाइकिलों के इस काफिले के माध्यम से क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की भागीदारी दिखाई दी। मोहाली पहुंचने के बाद गुरदर्शन सिंह सैनी ने अपने साथियों सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा को समर्पित कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उनके पुत्र हरदीप सिंह सैनी, जिला ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह सैनी सहित विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरदर्शन सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लंबी सार्वजनिक सेवा और देश के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी भाजपा के प्रति उनके समर्थन और सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि जीरकपुर से 200 मोटरसाइकिलों का यह काफिला केवल एक रैली नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रिय पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह और एकजुटता का प्रदर्शन है। जीरकपुर से मोहाली तक कार्यकर्ताओं की इस भागीदारी से संगठन की सक्रियता दिखाई देती है और यह संदेश मिलता है कि कार्यकर्ता पार्टी के कार्यक्रमों में एकजुट होकर अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीदः मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्टे

डेली आवाज भारती



नई दिल्ली। अमेरिका के मोंटाना राज्य के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्टे को उम्मीद है कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता जल्द होगा। वो भारत के दौरे पर हैं और उन्होंने आईएएनएस के साथ एक्सक्लूसिव साक्षात्कार में द्विपक्षीय संबंधों को लेकर राय जाहिर की।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के कारोबार को स्पष्टता और भरोसे की जरूरत है तथा समझौता पारस्परिक और निष्पक्ष होना चाहिए। भारत दौरे पर आए जियानफोर्टे ने कहा, दिल्ली पहुंचने के बाद सबसे पहले भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की थी। राजदूत ने आश्वस्त किया कि व्यापार समझौते पर दोनों देश बहुत करीब पहुंच चुके हैं।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷भारतीय और अमेरिकी कारोबारों को निश्चितता की जरूरत है। हमें एक पारस्परिक संबंध चाहिए, जो कारोबारों को यह भरोसा दे कि वे एक-दूसरे के साथ व्यापार कर सकते हैं और दोनों पक्षों के हितों का ध्यान रखा जाएगा।


मोंटाना गवर्नर के मुताबिक, कारोबार और निवेश के लिए निश्चितता बेहद महत्वपूर्ण है। पूंजी जोखिम से बचती है और स्पष्टता के अभाव में दोनों देशों के बीच गहरे आर्थिक संबंध बनाना मुश्किल हो जाता है। जियानफोर्टे ने बताया कि उनके साथ भारत दौरे पर 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है। उन्होंने कहा, ÷ मोंटाना से 30 से अधिक पेशेवरों का प्रतिनिधिमंडल भारत आया है, जिसमें उच्च शिक्षा और उन्नत प्रौद्योगिकी से जुड़े लोग शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल की विभिन्न संस्थानों के साथ बैठकें बेहद उत्पादक रही हैं। भारत और मोंटाना की कृषि क्षेत्र में समानता की बात भी उन्होंने कही। एक सवाल के जवाब में कहा,÷भारत और मोंटाना के बीच कृषि क्षेत्र में समानताएं हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है, जबकि मोंटाना भी अमेरिका का एक कृषि प्रधान राज्य है। और अच्छी बात ये है कि कृषि की प्रधानता के बावजूद दोनों ही जगह नवाचार और तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जियानफोर्टे ने आगे बताया, ÷ मोंटाना अमेरिका में दलहन फसलों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। वहां मटर, चना और मसूर जैसी फसलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। ये राज्य लंबे समय से दुनिया के लोगों के लिए खाद्य उत्पादन में योगदान देता रहा है। उन्होंने प्रिसिजन एग्रीकल्चर यानी सटीक कृषि को भी संभावित सहयोग का अहम क्षेत्र बताया। उनके अनुसार, तकनीक किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद कर रही है।

'15-20 साल बाद कोई और सीएम भी यहां बैठेगा', नए मुख्यमंत्री कार्यालय को लेकर सीएम सुक्खू का विपक्ष पर पलटवार

- कहा, विपक्ष के पास कहने के लिए कुछ नहीं
- विपक्ष ने 1,000 करोड़ की इमारतें बनवाकर फिजूलखर्ची की

डेली आवाज भारती



शमला। हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री कार्यालय के उद्घाटन के बाद सियासत तेज हो गई है। विपक्ष द्वारा फिजूलखर्ची के आरोपों पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह उनका निजी घर नहीं बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय है। शिमला में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा, विपक्ष के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। विपक्ष ने 1,000 करोड़ की इमारतें बनवाकर फिजूलखर्ची की है। मैंने तो सिर्फ मुख्यमंत्री का ऑफिस बनवाया है। अगर 15-20 साल बाद विपक्ष का कोई मुख्यमंत्री सत्ता में आता है, तो वह भी इसी ऑफिस में बैठेगा। सुक्खू ने कहा, यह मेरा निजी घर नहीं है बल्कि यह ऑफिस संस्था का है। मुख्यमंत्री और कैबिनेट लोकतंत्र की संस्थाएं हैं, ठीक वैसे ही जैसे न्यायपालिका और कार्यपालिका हैं। कई बार ये कहा जाता था कि डीसी के कार्यालय आपके कार्यालय से भी अच्छे हैं। यह संस्थान का कार्यालय है। विपक्ष को ज्यादा जानकारी नहीं होती। विपक्ष किस राह पर चल रहा है, वह भगवान ही जाने। मुख्यमंत्री ने बताया कि नए मुख्यमंत्री कार्यालय का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने उन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया, जिनकी वजह से निश्चित समय में और बहुत तेजी से कार्यालय का निर्माण पूरा हुआ। सीएम ने कहा, पुराने कार्यालय में पर्याप्त लोगों के बैठने की भी जगह नहीं थी। जब एक अधिकारी ने कहा कि यहां सभी बैठ भी नहीं सकते, तब नए कार्यालय के निर्माण के बारे में सोचा गया। नए भवन में सिर्फ मुख्यमंत्री कार्यालय ही नहीं बल्कि प्रिंसिपल सेक्रेटरी, एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी और उनके स्टाफ का कार्यालय भी है। इसी भवन में विधायकों और आम जनता से मिलने के लिए भी अलग कार्यालय बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों के कार्यालय और 40 गाड़ियों की पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। सुक्खू ने कहा, ये एक संस्थान का घर है, जहां मुख्यमंत्री आते हैं और अपनी बातों को रखते हैं। भविष्य के 50 सालों के लिए ये संस्थान बनाना बहुत जरूरी था। नए कार्यालय को लेकर दायर जनहित याचिका पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनहित याचिका दायर करना सभी का अधिकार है। लोग कोर्ट, अधिकारियों, मंत्रिमंडल के सदस्यों और मुख्यमंत्री के पास जाते हैं; यह उनका अधिकार है। वहीं, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर सुक्खू ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा और इसमें कोई दो राय नहीं है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि विस्तार के साथ मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे।

कंगना रनौत ने पीएम मोदी को बताया प्रेरणास्रोत, राहुल गांधी पर साधा निशाना

डेली आवाज भारती



कुल्लू। भाजपा सांसद कंगना रनौत ने मीडिया के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 साल पूरे होने उन्हें प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अपने 25 साल के सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए काम किया है। कंगना ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल से प्रभावित होकर हम लोग भी यहां सभी कार्यकर्ताओं के साथ आए हैं, तो सेवा सत्ता का संकल्प है किसी पद-प्रतिष्ठा का नहीं। नेशन फर्स्ट से लेकर सिटिजन फर्स्ट तक का यह हमारा संकल्प है, इसके लिए हमारी यह यात्रा हो रही है और जैसा कि मैंने आप सभी से कहा कि पीएम मोदी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहे हैं। 2047 का जो उनका विजन है, उससे हमें क्या सीखना है और कैसे उनके साथ में रहते हुए काम करना है। खास तौर पर हिमाचल का इसमें क्या रोल रहेगा, इसे लेकर हम सभी अपनी बात रखी।÷ उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अर्थहीन विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने और लोकतंत्र का अपमान करने के लिए आलोचना की। कंगना रनौत ने कहा, ÷राहुल गांधी इस तरह की हरकतें कर रहे हैं, फिर कहते हैं कि देश का लोकतंत्र अपमानित हो रहा है। आप लोग देख सकते हैं कि एबीवीपी के स्टूडेंट लीडर्स भारी मतों से जीत रहे हैं। उन्होंने कहा, आप देखिए कि स्टूडेंट पॉलीटिक्स से लेकर हर जगह भारतीय जनता पार्टी का भगवा लहरा रहा है, तो ये सब बातें इनकी सोच से बाहर हैं। इन्होंने कभी भी मेहनत करके काम करना नहीं सीखा है। ये सब परिवारवाद का ही खाते आए हैं और आगे भी खाना चाहते हैं। अरे, इन्हें देश की जनता से जुड़ना कब आएगा। कंगना ने कहा कि परिवारवाद के चलते ही हुए इन्हें सब कुछ मिला है। इन्हें नहीं पता है कि देश की जनता से जुड़ना क्या होता है। कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी भाजपा के एक प्रवक्ता बता रहे थे कि राहुल गांधी कभी भी एक सिंगल इलेक्शन में डेरा लगाकर नहीं बैठे हैं। काम तो करते नहीं हैं और जब देखो विदेश यात्रा पर चले जाते हैं। सबसे निंदनीय यह है कि वे हमारे लोकतंत्र पर कीचढ़ उछाल रहे हैं।

कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय में 'मेगा प्लेसमेंट ड्राइव', 51 छात्राओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

जयपुर। सेंटर फॉर करियर गाइडेंस, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, कानोिया पी.जी. महिला महाविद्यालय, जयपुर, के द्वारा दिनांक 7 अक्टूबर, 2026 को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'मेगा प्लेसमेंट ड्राइव' का आयोजन किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधियों से संवाद करने तथा अपनी योग्यता एवं कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर प्राप्त करने का मंच मिला। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने प्लेसमेंट ड्राइव में साक्षात्कार हेतु आए सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अपने कौशल एवं दक्षताओं का निरंतर विकास करने और प्राप्त रोजगार अवसरों का पूर्ण लगन, निष्ठा एवं समर्पण के साथ लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्लेसमेंट ड्राइव में एक्सपैंड होटल्स, अर्बन मेटल्स एवं द वेलनेस शॉप द्वारा विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई।

बयाना-भरतपुर मार्ग पर दो वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत, दो गंभीर घायल

डेली आवाज भारती



बयाना। भरतपुर सड़क मार्ग पर सालाबाद के पास बुधवार को तेज रफ्तार पिकअप और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चालक सहित कार में सवार एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से बयाना उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें भरतपुर रेफर कर दिया। घायल कार चालक सतीश ने बताया कि वह भरतपुर के एक होटल में काम करता है। बुधवार सुबह वह अपनी कार से होटल मालिक के परिवार की महिला स्वेता पत्नी आजाद सिंह निवासी सुभाष कॉलोनी, भरतपुर को हिंडौन में डी-फार्मा का पेपर दिलाने के लिए लेकर गया था। पेपर दिलाने के बाद दोनों कार से हिंडौन से भरतपुर लौट रहे थे। सतीश के अनुसार, बयाना से आगे सालाबाद के पास सामने से तेज गति से आ रही पिकअप ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, जबकि पिकअप भी कई पलटे खाते हुए सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाद में अस्पताल पहुंचकर घायलों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार पिकअप चालक की तलाश की जा

खेतों में हादसे का शिकार हुए व्यक्ति को 75 हजार की आर्थिक सहायता का चेक भेंट



डेली आवाज भारती

लालडू। पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाए गए फंड के तहत हलका डेराबस्सी के विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा द्वारा गांव भगवासी निवासी श्री ओम प्रकाश मेहता पुत्र श्री सियोराम मेहता को 75 हजार की आर्थिक सहायता का चेक भेंट किया गया। श्री ओम प्रकाश मेहता खेतों में काम करते समय हुए हादसे के दौरान अपने दाएं हाथ की पांचों उंगलियां गंवा बैठे थे। हादसे के कारण परिवार को पेश आ रही मुश्किलों को देखते हुए पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा नियमों के तहत यह आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई है। इस मौके पर डेराबस्सी मार्केट कमेटी के चेयरमैन स. कुलदीप सिंह भी मौजूद थे। विधायक स. कुलजीत सिंह रंधावा ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं और सहायता का लाभ पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

गहलोत-पायलट का मजेदार याराना : बोले-हम तो परमानेंट इंचार्ज हैं!

डेली आवाज भारती



जयपुर। भारतीय राजनीति को दूर से देखने वाले अक्सर यह भूल जाते हैं कि यहां कैमरे के सामने होने वाले ठहाकों और बंद कमरों की खींचतान के बीच का फासला उतना ही लंबा होता है, जितना जयपुर की गुलाबी ठंड और राजस्थान के सियासी तपते रेगिस्तान का। बुधवार को जयपुर के कांग्रेस वॉर रूम में कुछ ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला, जिसने एक पल के लिए सूबे के तमाम सियासी पंडितों के कान खड़े कर दिए। नज़ारा दिलचस्प था। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट और प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा एक ही फ्रेम में थे। बात निकली तो हल्की-फुल्की चुटीली टिप्पणियों का दौर चल पड़ा। शुरुआत हमेशा की तरह शातिर और मंझे हुए खिलाड़ी अशोक गहलोत ने की। रंधावा की तरफ इशारा करते हुए उन्होंने पायलट से मजाकिया लहजे में कहा, पंजाब इंचार्ज (पायलट), अब बताइए। पहले आपके इंचार्ज ये (रंधावा) थे, अब इनके इंचार्ज आप हैं।

राजनीति के गलियारों में इस एक जुमले के कई अर्थ निकाले जा सकते हैं। रंधावा कभी राजस्थान के प्रभारी रहे हैं और पायलट खेमे से उनकी अनबन के किस्से किसी से छिपे नहीं हैं। अब जब पायलट खुद पंजाब कांग्रेस के प्रभारी बन चुके हैं, तो गहलोत का यह तंज तीखा भी हो सकता था और सहज भी। लेकिन सचिन पायलट ने भी कमान संभालने में देर नहीं लगाई। उन्होंने तुरंत मुस्कुराते हुए और बगल में बैठे प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की तरफ देखते हुए ऐसा दांव फेंका कि सब मुस्कुरा उठे। पायलट बोले, सबके इंचार्ज आप ही हो, अशोक जी! राजस्थान, पंजाब... क्या फर्क पड़ता है?

दौसा : विकसित भारत संकल्प सभा में बोले मंत्री राज्यवर्धन राठौड़- देश की तरक्की से राहुल गांधी के पेट में होता है दर्द

डेली आवाज भारती



दौसा। जिले के सोमनाथ क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प सभा के तहत %सेवा ज्योति यात्रा% कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् गान के साथ हुई, जिसके बाद उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का वर्चुअल संबोधन सुना। कार्यक्रम के मुख्य बिंदु और कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के तीखे प्रहार ¯ विपक्ष पर तीखा हमला¯ कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए जिला प्रभारी एवं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं, तब से कांग्रेस लगातार राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लगी हुई है। सेना और न्यायपालिका पर सवाल¯ राठौड़ ने आरोप लगाया कि जब भारतीय सेना सर्जिकल स्ट्राइक करती है या अंडमान-निकोबार में रणनीतिक बेस बनाती है, तब सबसे पहले राहुल गांधी सेना और देश की सुरक्षा पर सवाल खड़े करते हैं। इतना ही नहीं, न्यायपालिका के देशहितैषी फैसलों पर भी विपक्ष उंगली उठाने से नहीं चूकता। वैक्सीन और खेल पर तंज¯ उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब देश में वैक्सीन लग रही थी, तब राहुल गांधी ने इसे %भाजपा की वैक्सीन% बताकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया। यहाँ तक कि भारतीय खिलाड़ियों द्वारा एशियाई खेलों (एशियन गेम्स) में पदक जीतने पर भी राहुल गांधी ने बधाई तक नहीं दी।

जैसलमेर में पुलिस कॉन्स्टेबल ने नहर में कूदकर दी जान, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना के आरोप

जैसलमेर। मोहनगढ़ इलाके में मंगलवार 6 अक्टूबर सुबह एक पुलिस कॉन्स्टेबल ने इंदिरा गांधी नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अनिरुद्ध सिंह पुत्र शैतान सिंह सोढा, निवासी इंदिरा कॉलोनी, बाड़मेर के रूप में हुई है। अनिरुद्ध सिंह राजस्थान पुलिस में कॉन्स्टेबल थे और वर्तमान में सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाने में तैनात थे। नहर में कूदने से पहले बनाया वीडियो बताया जा रहा है कि नहर में कूदने से पहले सुबह करीब 8 बजे अनिरुद्ध सिंह ने एक वीडियो बनाकर अपने परिजनों को भेजा था। वीडियो में उन्होंने ससुराल पक्ष पर पिछले करीब 5 वर्षों से मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।
वीडियो में उन्होंने पत्नी, ससुर और साले सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके साले के ससुर की ओर से उन्हें धमकी दी गई थी कि तू मर और हमारे रास्ते से हट, नहीं तो पूरे परिवार को झूठे केस में जेल में डलवा देंगे।

ममता की 2021 की 'खेला होबे' वाली तस्वीर बंगाल की राजनीति में फिर से चर्चा का विषय बनी

डेली आवाज भारती



पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी और पूर्व सीएम ममता बनर्जी के बीच चल रही खींचतान के बीच 2021 की एक तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर पर कई मीम्स बने हैं, जिनमें खेला होबे के नारे वाली एक तस्वीर भी शामिल है। यह घटना मार्च 2021 की है, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री नंदीग्राम में चुनाव प्रचार के दौरान अपने बाएं पैर में चोट लगवा बैठी थीं। इसके बाद उन्होंने व्हीलचेयर पर बैठकर और पैर पर प्लास्टर बंधवाकर चुनाव प्रचार किया। यह दृश्य उस चुनाव की सबसे चर्चित तस्वीरों में से एक बन गया। उस समय भी इस प्रचार अभियान को लेकर तीखी राजनीतिक बहस छिड़ी थी, उनके समर्थकों ने इसे किसी राजनीतिक नेता पर हुए खतरनाक हमले के सबूत के तौर पर पेश किया जबकि आलोचकों ने इस कहानी पर सवाल उठाए। आलोचकों का कहना था कि यह चोट एक खंभे से टकराकर वापस आए खुले दरवाजे के लगने से लगी थी। इसके बावजूद, व्हीलचेयर से प्रचार करने की उनकी छवि राजनीतिक रूप से बहुत असरदार साबित हुई और बंगाल की चुनावी लोक-कथाओं का हिस्सा बन गई। पांच साल बाद, यह बहस राजनीतिक ड्रामे से आगे बढ़कर मेडिकल एथिक्स और सच छिपाने के मुद्दे पर आ गई है।

इस मामले की जांच की जरूरत बताते हुए सीएम सुवेंदु ने अब सार्वजनिक रूप से ममता के 2021 के इलाज से जुड़े मेडिकल दस्तावेजों का जिक्र किया है और आरोप लगाया है कि रिकॉर्ड में फ्रैक्चर या हड्डी खिसकने कोई सबूत नहीं मिला। इसके जवाब में ममता ने अस्पताल और उनके इलाज से जुड़े अधिकारियों को कानूनी नोटिस भेजा है और यह जानना चाहा है कि कथित तौर पर गोपनीय मेडिकल रिकॉर्ड सार्वजनिक कैसे हो गए। नोटिस में यह सवाल उठाया गया कि किस कानूनी अधिकार के तहत ऐसे रिकॉर्ड्स का खुलासा किया गया और क्या किसी कोर्ट के आदेश या कानूनी प्रक्रिया ने उन्हें जारी करने की इजाजत दी थी। हालांकि यह सवाल अभी भी बना हुआ है कि क्या वाकई फ्रैक्चर हुआ था लेकिन इसने इस बात पर भी बहस छेड़ दी है कि क्या किसी मरीज के मेडिकल रिकॉर्ड्स, खासकर किसी मशहूर हस्ती के उनकी मंजूरी के बिना सार्वजनिक रूप से उन पर चर्चा की जा सकती है। हालांकि उनके आलोचकों का आरोप है कि मरीज की प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा की दलील के पीछे मामले को दबाने की कोशिश हो सकती है लेकिन ममता खेमे का तर्क है कि रिकॉर्ड्स को सार्वजनिक करने को सही नहीं ठहराया जा सकता।

page 8_Layout 1 07-10-2026 20:46 Page 1

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की ओर से धूरी के लाखों लोगों को पीने वाले साफ पानी की सौगात

14 एम.एल.डी. क्षमता वाला प्लांट नहरी पानी को शोधित करके पीने योग्य बनाएगा

डेली आवाज भारती



संगरूर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज धूरी और संगरूर के लोगों को पीने वाले साफ पानी के व्यापक प्रोजेक्ट की सौगात देते हुए गांव बरड़वाल में 47 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले 14 मिलियन लीटर प्रति दिन (एम.एल.डी.) क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का नींव पत्थर रखा। उन्होंने बताया कि यह प्लांट नहरी पानी को शोधित करके पीने योग्य बनाएगा, जिससे लाखों निवासियों को साफ पानी मिलेगा और भूजल पर निर्भरता भी घटेगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि महज चार वर्षों में पंजाब सरकार ने 14,000 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर खेतों तक नहरी पानी की पहुंच 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 88 प्रतिशत कर दी है, जिसके परिणामस्वरूप नहरी पानी वाले इलाकों में धान की उपज में चार क्विंटल प्रति एकड़ तक की वृद्धि हुई है। एक्स पर जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷आज हमने धूरी के लोगों को 47 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार होने वाले 14 एम.एल.डी. क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के रूप में बड़ा तोहफा दिया है। अब नहरी पानी को शोधित करके पूरी तरह पीने योग्य बनाया जाएगा और शहर तथा आसपास के इलाकों के निवासियों को पीने वाला साफ पानी मुहैया करवाया जाएगा। हमारी सरकार ने नहरी पानी के इस्तेमाल को 22 प्रतिशत से बढ़ाकर 88 प्रतिशत कर दिया है, जिससे न केवल फसलों की पैदावार बढ़ी है, बल्कि भूजल को बचाने में भी मदद मिली है। आज से हम लाल डोरे के अंदर आने वाली जमीन की पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू कर रहे हैं, ताकि लोगों को उनके घरों के मालिकाना हक के पक्के अधिकार मिल सकें। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य धूरी शहर में पानी की सप्लाई व्यवस्था को और मजबूत करना है। नहरी पानी पर आधारित पानी की सप्लाई का यह प्रोजेक्ट कुल 47.38 करोड़ रुपये की लागत से लागू किया जा रहा है, जिसके तहत 14 एम.एल.डी. का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए नहरी पानी को शोधित करके लोगों को साफ और सुरक्षित पीने वाला पानी मुहैया करवाया जाएगा। धूरी शहर के निवासियों को इस प्रोजेक्ट का सीधा लाभ मिलेगा और इसके मुकम्मल होने पर धूरी के लगभग 85,000 निवासियों को पानी की सप्लाई की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा, ÷यह करोड़ों रुपये का प्रोजेक्ट न केवल धूरी के शहरी बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बल्कि शहर की मौजूदा और भविष्य की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी तैयार किया गया है।

रूपनगर में भाजपा की सेवा संकल्प सभा

प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के जनसेवा सफर को किया याद

डेली आवाज भारती



रूपनगर, गुरप्रीतः भाजपा जिला रूपनगर की ओर से आज जिला अध्यक्ष श्री अजयवीर सिंह लालपुरा के नेतृत्व में ÷सेवा संकल्प सभा÷ का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित की जा रही ÷सेवा ज्योति यात्रा÷ और ÷विकसित भारत संकल्प सभा÷ की श्रृंखला के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित आम जनता ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेकर सरकार के प्रमुख के तौर पर अपनी जनसेवा यात्रा शुरू की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, अक्टूबर 2026 में उनके सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे हुए हैं। सभा में विशेष रूप से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व वित्त मंत्री श्री मनप्रीत सिंह बादल तथा प्रदेश महासचिव परमिंदर सिंह बराड़ ने शिरकत की। जिला भाजपा नेताओं की ओर से दोनों नेताओं का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर श्री मनप्रीत सिंह बादल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए विकसित भारत के संकल्प को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के लिए लगातार प्रयास जारी रहने चाहिए। श्री परमिंदर सिंह बराड़ ने भी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से लोगों तक अपनी पहुंच बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

सभा के दौरान 25 साल जनसेवा के, 25 साल अटूट संकल्प के संदेश को केंद्र में रखा गया। गुजरात से लेकर देश के नेतृत्व तक प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा में सेवा, सुशासन और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी गई। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी उनके 25 वर्षों के सफर को सेवा, उद्देश्य, दृढ़ता और साहस से जोड़कर प्रस्तुत किया गया है।

जालंधर के बर्ल्टन पार्क से पटाखा मार्केट की लोकेशन बदली

अब राओवाली गांव में 5.5 एकड़ जमीन पर लगेगी मार्केट

- दशहरा और दिवाली से पहले चल रही असमंजस की स्थिति अब खत्म
- पठानकोट रोड स्थित गांव राओवाली में अस्थायी पटाखा मार्केट मंजूर

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः दशहरा और दिवाली से पहले पटाखा मार्केट को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब खत्म होती नजर आ रही है। जिला प्रशासन ने पठानकोट रोड स्थित गांव राओवाली में 5.5 एकड़ जमीन पर अस्थायी पटाखा मार्केट लगाने की मंजूरी दे दी है। फिलहाल जमीन पर धान की फसल खड़ी है। मार्केट तैयार करने के लिए फसल को पहले काटना होगा। इसके लिए किसान को फसल का मुआवजा दिया जा रहा है। इसके बाद जमीन को मार्केट के लिए तैयार किया जाएगा। फिलहाल प्रशासन की मंजूरी के बाद कारोबारियों को राहत मिली है। पटाखा मार्केट की जगह को लेकर पिछले कई दिनों से कारोबारियों की ओर से अलग-अलग जगहों पर चर्चा और प्रयास किए जा रहे थे। पहले लैदर कॉम्प्लेक्स के पास खाली प्लॉट समेत कई जगहों पर विचार हुआ, लेकिन कोई जगह तय नहीं हो पाई थी। अब राओवाली की जमीन को मंजूरी मिलने के बाद मार्केट लगाने का रास्ता साफ हुआ है। हालांकि, इस इलाके में रेरू चौक पर ट्रैफिक बढ़ने और धोगड़ी रोड की खराब हालत को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।

अमृतसर रूरल पुलिस का बड़ा ऑपरेशन

एटीएम लूट की कोशिश नाकाम, दो शातिर आरोपी गिरफ्तार : एसएसपी रूरल कंवलप्रीत सिंह चहल

पुलिस पेट्रोलिंग देखकर मौके से भागे लुटेरों को पुलिस ने सीसीटीवी और टेक्निकल जांच से पकड़ा





डेली आवाज भारती

अमृतसर (सलोनी नेहा गिल) अमृतसर रूरल पुलिस ने ATM लूटने की एक बड़ी कोशिश नाकाम करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हथियार, ATM तोड़ने में इस्तेमाल होने वाले सामान और एक बोलेरो कैंपर भी बरामद किया है। इस बारे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान SSP रूरल कंवलप्रीत सिंह चहल ने कहा कि यह कार्रवाई पुलिस की मुस्तैदी, पेट्रोलिंग और टेक्निकल जांच की वजह से मुमकिन हो पाई। एसएसपी चहल ने बताया कि 30 सितंबर, 2026 की आधी रात को करीब 1ः30 बजे कुछ संदिग्ध लोग फतेहगढ़ शुगर चक रोड पर मौजूद HDFC बैंक के ATM को लूटने के इरादे से पहुंचे थे। इसी दौरान इलाके में तैनात ERV टीम और पुलिस पेट्रोलिंग को देखकर आरोपी अपनी कोशिश को अंजाम दिए बिना ही मौके से भाग गए।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी और टेक्निकल जांच के ज़रिए पुलिस ने आरोपी को पकड़ा,मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने स्पेशल टीमें बनाईं। SP (D) रमनदीप सिंह के नेतृत्व में DSP (D), DSP अटारी, SHO कम्बोह और CIA इंचार्ज की टीमों ने मिलकर जांच की। पुलिस ने इलाके में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली और टेक्निकल सेल की मदद से आरोपियों तक पहुंची। इसके बाद पुलिस ने कुलदीप और हरप्रीत नाम के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। लूट में इस्तेमाल हथियार और सामान एक .32 बोर पिस्टल- एक .30 बोर पिस्टल- एक खिलौना पिस्टल- एक हथौड़ा- एक गैस कटर- एक हेलमेट- एक बोलेरो कैंपर गाड़ी पुलिस का कहना है कि बरामद सामान से ATM लूट की योजना की जांच को आगे बढ़ाने में मदद मिली है।

दोनों आरोपियों का पिछला क्रिमिनल रिकॉर्ड

पुलिस जांच में पता चला कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ कई क्रिमिनल केस दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, कुलदीप के खिलाफ तीन केस दर्ज हैं, जिसमें एक किलोग्राम हेरोइन से जुड़े NDPS एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत केस शामिल हैं। जबकि पुलिस ने कहा है कि हरप्रीत के खिलाफ चार क्रिमिनल केस दर्ज हैं। एसएसपी चहल ने बताया कि दोनों आरोपी 2013 में गिद्दड़बाहा इलाके में बैंक ऑफ पटियाला की लूट के मामले में भी नामजद थे और कोर्ट ने उन्हें 10 साल जेल की सजा सुनाई थी। पुलिस के मुताबिक, दोनों आरोपी हाल ही में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से बेल मिलने के बाद जेल से बाहर आए थे। पुलिस अब उन्हें कोर्ट में पेश करके रिमांड लेगी, ताकि अरूलूट की कोशिश के अलावा उनकी दूसरी संभावित घटनाओं और क्रिमिनल नेटवर्क के बारे में जानकारी मिल सके।

सीबीआई-ईडी कार्रवाई के विरोध में 'आप' का हल्ला बोल, लुधियाना में बीजेपी दफ्तर के बाहर आमने-सामने नेता

- दोनों पक्षों के आमने-सामने आने के बाद माहौल गरमाया, नारेबाजी
- बीजेपी कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

लुधियाना बीजेपी कार्यालय के बाहर 'आप' कार्यकर्ताओं ने धरना दिया

डेली आवाज भारती





लुधियाना। केंद्रीय जांच एजेंसियों सीबीआई और ईडी की कार्रवाई के विरोध में आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। लुधियाना में बीजेपी कार्यालय के बाहर आप कार्यकर्ताओं ने रोष धरना दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के नेता और कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और जमकर नारेबाजी हुई। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बीजेपी कार्यालय के बाहर बैरिकेडिंग कर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति को रोका जा सके। पुलिस की कोशिश है कि दोनों पक्षों के बीच किसी तरह का टकराव न हो और प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चले। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लुधियाना स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर पहुंचे और केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। AAP के जिला प्रधान जतिंदर खंगूड़ा ने केंद्र सरकार पर सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के कथित राजनीतिक दुरुपयोग का आरोप लगाया।

पुलिस ने की बैरिकेडिंग, भारी फोर्स तैनात

प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने भाजपा कार्यालय के आसपास बैरिकेडिंग कर दी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। वहीं, भाजपा की ओर से भी कार्यकर्ता और नेता मौके पर मौजूद रहे। दोनों पक्षों के आमने-सामने आने के बाद माहौल गरमा गया और काफी देर तक नारेबाजी होती रही। आरोप है केंद्र सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।

'मेरी फैमिली उनकी भक्त, उनका कोई विकल्प नहीं', पीएम मोदी को लेकर श्रेया सरन और मुकेश खन्ना

डेली आवाज भारती





नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने का मौका देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर जिम्मेदारी संभालने के बाद शुरू हुआ उनका लगातार 25 साल का सफर अब प्रधानमंत्री पद तक पहुंच चुका है। इस मौके पर एक्ट्रेस श्रेया सरन और अभिनेता मुकेश खन्ना ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बात करते हुए एक्ट्रेस श्रेया सरन ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अपने परिवार की भावनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'मेरी पूरी फैमिली उनकी भक्त है। मेरा पूरा परिवार प्रधानमंत्री मोदी को काफी प्यार करता है। बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने देश के लिए जो काम किए हैं, उन पर हमें गर्व है। हमें उम्मीद है कि वे आगे भी देश के विकास के लिए इसी तरह काम करते रहेंगे।' वहीं, अभिनेता मुकेश खन्ना ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी पुरानी मुलाकात को याद किया। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं उन्हें उस समय से जानता हूं, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री भी नहीं बने थे। उन्होंने भुज में आए भूकंप के समय मुझे बुलाया था और मैं 'शक्तिमान' के कॉस्ट्यूम में वहां पहुंचा था। मैंने वहां बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उनसे कहा था कि डरना नहीं है।' मुकेश खन्ना ने कहा, 'उस मुलाकात के करीब आठ-नौ महीने बाद नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने। तभी से मैं उन्हें जानता हूं और उनके प्रधानमंत्री के सफर को मैंने देखा है। देश के लिए उन्होंने जो कुछ सोचा है, वैसा कोई और नहीं सोच सकता। मुझे प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नजर नहीं आता। विपक्षी दलों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, 'जो लोग प्रधानमंत्री के विकल्प की बात करते हैं, उन्हें कोई ऐसा नेता सामने लाना चाहिए, लेकिन मेरे मुताबिक ऐसा कोई नेता मौजूद नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को देश के लिए अभी काफी काम करना बाकी है।' वहीं, गीतकार और लेखक मनोज मुंतशिर ने प्रधानमंत्री मोदी के अब तक के कार्यकाल की कई उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है और उनका पूरा कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। आईएएनएस से बात करते हुए मनोज मुंतशिर ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में कोई एक-दो नहीं, बल्कि तमाम उपलब्धियां हैं।

'सीबीआई जांच सिर्फ ट्रेलर, बाकी फिल्म अभी बाकी', जालंधर में शीतल अंगुराल का 'आप' पर निशाना

डेली आवाज भारती



'भाजपा रंगला पंजाब बनाने के लिए लड़ेगी'

शीतल अंगुराल ने पंजाब में कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। अंगुराल ने कहा कि भाजपा नशे और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी राजनीतिक लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले समय में पंजाब को दोबारा 'रंगला पंजाब' बनाने के मुद्दे के साथ जनता के बीच जाएगी। भाजपा पंजाब के लोगों का विश्वास जीतने और राज्य की राजनीति में बदलाव के लिए लगातार काम करेगी।

जालंधर/जतिनः भाजपा के पूर्व विधायक शीतल अंगुराल ने पंजाब के CM ऑफिस से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में चल रही CBI जांच को लेकर सरकार पर निशाना साधा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद CBI जांच शुरू हुई है। इससे पहले ED की ओर से पंजाब के DGP को कई बार पत्र भेजे गए थे, लेकिन पंजाब पुलिस की ओर से अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। CBI की मौजूदा कार्रवाई को अंतिम कार्रवाई नहीं माना जाना चाहिए। 'यह सिर्फ ट्रेलर है, बाकी फिल्म अभी बाकी है।' शीतल अंगुराल ने आरोप लगाया कि पंजाब में अधिकारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग कामकाज में प्रभावशाली लोगों का दखल रहा है। जिन अधिकारियों ने कथित तौर पर नियमों के खिलाफ काम किया या किसी राजनीतिक दबाव में फैसले लिए, उनकी भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। भ्रष्टाचार के मामले में किसी भी व्यक्ति को उसके पद या प्रभाव के आधार पर राहत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंचों, व्यापारियों और आम लोगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है और व्यापारियों से फिरौती मांगने के मामले सामने आ रहे हैं। असुरक्षा के माहौल के कारण कुछ लोग पंजाब से बाहर जाने के बारे में सोच रहे हैं।

पंजाब में 12 घंटे चली रेड के बाद सीबीआई ने लिखा, कहीं कुछ नहीं मिला : सीएम मान

चुने हुए मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करने के लिए भाजपा पंजाबियों से माफी मांगे : मान

डेली आवाज भारती



संगरूर/सुकून महाजनः मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को पंजाब में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ़ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) की 12 घंटे की रेड को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि एजेंसी की टीमें खाली हाथ लौटीं और पूरे पंजाब में बड़ी तलाशी के बावजूद कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह नतीजा सरकार की ईमानदारी का साफ सबूत है। उन्होंने भाजपा पर चुनाव से पहले चुनी हुई सरकार के मुख्यमंत्री को डराने और उनकी इमेज खराब करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने साफ किया कि न तो वह और न ही पंजाब सरकार ऐसे हथकंडों से डरते हैं। उन्होंने कहा कि वह पैसा कमाने के लिए राजनीति में नहीं आए हैं, बल्कि पंजाब की सेवा करने के लिए आए हैं और पंजाबी कभी भी 'धक्केशाही' बर्दाश्त नहीं करेंगे। 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लिखा-सीबीआई रेड सिर्फ राजनीतिक बौखलाहट का नतीजा है। हम डराने या बदनाम करने की ऐसी कायरतापूर्ण कोशिशों से ना डरेंगे या ना ही झुकेंगे हम यहां पैसा कमाने नहीं, पंजाब की सेवा करने आए हैं, और पंजाबी कभी भी अन्याय बर्दाश्त नहीं करते। संगरूर में एक समरोह के बाद पत्रकारों से बात करते हुए सीएम भगवंत सिंह मान ने कहा कि न तो वह और न ही पंजाब सरकार ऐसी चालों से डरने वाली है। उन्होंने कहा, ÷हम कहीं नहीं जा रहे हैं। हम केंद्रीय एजेंसियों का सामना करेंगे और हर सवाल का जवाब देंगे। भाजपा को समझना चाहिए कि पंजाबी धमकियों या धक्केशाही से डरने वाले नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई रेड की समय बहुत महत्वपूर्ण है और इससे पता चलता है कि भाजपा ने आने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, तो जिन राज्यों में भाजपा को राजनीतिक चुनौती का सामना करना पड़ता है, वहां यही तरीका अपनाया जाता है। दिल्ली में, उन्होंने चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया।

CMYK